ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 6 जून 2024
वर्ष 5, अंक 200, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



द्रविड़ को रोकने का प्रयास किया पर नहीं माने : रोहित 15

सनी लियोनी की 'कोटेशन गैंग' का पोस्टर रिलीज 16

# राजग के नेता मोदी, सरकार का दावा कल संभव

## बैठक में शामिल सभी घटक दलों ने मोदी के नेतृत्व में जताया विश्वास, तीसरी बार संभालेंगे देश की बागडोर

- सत्तारूढ़ गठबंधन की 7 जून को होगी एक और बैठक
- सप्ताहांत तक हो सकता है नई सरकार का शपथ ग्रहण

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने बुधवार को सर्वसम्मति से नरेन्द्र मोदी को अपना नेता चुन लिया। इसके साथ ही लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभालने की दिशा में मोदी ने एक और कदम आगे बढ़ा दिया। लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन को बहुमत मिलने के एक दिन बाद यहां सात लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास में राजग के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। बैठक में शामिल सभी घटक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताया और दावा किया कि उनके नेतृत्व में राजग सरकार भारत के गरीब, महिला, युवा, किसान, शोषित, वंचित व पीड़ित नागरिकों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक में पारित प्रस्ताव में कहा गया कि हम सभी को गर्व है कि 2024 का लोकसभा चुनाव राजग ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एकजुटता से लड़ा और जीता। हम सभी राजग के नेता नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुनते हैं। प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि भारत की विरासत को संरक्षित कर देश के सर्वांगीण विकास के लिए राजग सरकार भारत के जन-जन के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कार्य करती रहेगी।

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू, जनता दल (यूनाइटेड) के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, शिवसेना नेता एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान इस बैठक में शामिल हुए। इनके अलावा, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के जीतनराम मांझी, जन सेना पार्टी के पवन कल्याण, राकांपा (अजित पवार) के प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे, अपना दल (सोनेलाल) की अनुप्रिया पटेल, राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी, असम गण परिषद के अतुल बोरा, सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के इंद्र हंग सुब्बा, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के सुदेश महतो और जद(यू) के राजीव रंजन सिंह और संजय झा भी बैठक में शामिल हुए। भाजपा की तरफ से इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह और अमित शाह ने बैठक में हिस्सा लिया।

तेदेपा, जद (यू), शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और लोजपा (रामविलास) ने क्रमशः 16, 12, सात और पांच लोकसभा सीट जीती हैं और ये दल सरकार गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रस्ताव में कहा गया कि लगभग छह दशक के बाद भारत की जनता ने लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत से सशक्त नेतृत्व को चुना है। सूत्रों ने बताया कि 7 जून को राजग की एक और बैठक हो सकती है, जिसके बाद राष्ट्रपति से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया जा सकता है। शपथ ग्रहण की तारीख को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है, लेकिन कुछ सदस्यों का मानना है कि अगर नई सरकार की रूपरेखा जल्द तैयार हो जाती है, तो यह (शपथ ग्रहण) सप्ताहांत तक हो सकता है।



राजग की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी, तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू, जदयू प्रमुख नीतीश कुमार व शिवसेना (शिंदे) प्रमुख एकनाथ शिंदे।

### फड़णवीस ने की इस्तीफे की पेशकश



मुंबई। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने लोकसभा चुनाव में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अपेक्षा से विपरीत प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए बुधवार को पार्टी हाईकमान के समक्ष सरकार के पद से इस्तीफा देने की पेशकश की। फडणवीस ने आज यहां मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि वह महाराष्ट्र के नतीजों की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले रहे हैं क्योंकि राज्य में पार्टी का दायित्व उन पर है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं भाजपा नेतृत्व से अनुरोध करता हूं कि मुझे सरकार की जिम्मेदारी से मुक्त किया जाए ताकि मैं आगामी चुनावों में पार्टी की सफलता के लिए और कड़ी मेहनत कर सकूं। राज्य में विधानसभा के चुनाव इस साल के उत्तरार्ध में होने वाले हैं।

### राष्ट्रपति ने भंग की सत्रहवीं लोकसभा



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सिफारिश पर सत्रहवीं लोकसभा बुधवार को भंग कर दी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार केन्द्रीय मंत्रिमंडल की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक में राष्ट्रपति से सत्रहवीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गई थी। राष्ट्रपति ने इस सिफारिश पर अमल करते हुए संविधान के अनुच्छेद 85 के उपबंध (2) के तहत मिले अधिकार का इस्तेमाल करते हुए सत्रहवीं लोकसभा को भंग करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। इससे पहले दोपहर में मोदी ने राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें अपना तथा अपनी मंत्रिपरिषद् का इस्तीफा सौंपा था।

| राजग : 293 सीटें | |
|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी | 240 |
| तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) | 16 |
| जनता दल (यू) | 12 |
| शिवसेना (शिंदे गुट) | 07 |
| लोजपा (राम विलास) | 05 |
| आरएलडी | 02 |
| अपना दल (सोनेलाल) | 01 |
| अन्य | 10 |

| इंडी गठबंधन : 234 सीटें | |
|---|---|
| कांग्रेस | 99 |
| समाजवादी पार्टी (सपा) | 37 |
| टीएमसी | 29 |
| डीएमके | 22 |
| शिवसेना (यूबीटी) | 09 |
| राकांपा-एसपी | 08 |
| आप | 03 |
| अन्य | 27 |

## उचित समय पर लेंगे उचित फैसला : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) ने बुधवार को कहा कि वह भाजपा सरकार के विपरीत जनाकांक्षा को साकार करने के लिए उचित समय पर उचित कदम उठाएगी। इस कदम को सरकार गठन की संभावना से जुड़े सारे विकल्प खुले रहने के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।

गठबंधन के घटक दलों की अपने आधिकारिक आवास '10 राजाजी मार्ग' पर मेजबानी करने वाले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस गठबंधन में उन सभी दलों का स्वागत है, जो संविधान की प्रस्तावना में अटूट आस्था रखते हैं और इसके आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक न्याय के उद्देश्यों को लेकर प्रतिबद्ध हैं। 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के नेताओं ने सरकार गठन की संभावना और आगे की रणनीति पर करीब दो घंटे तक चर्चा की। बैठक में गठबंधन के विभिन्न घटक दलों के कुल 33 नेताओं ने भाग लिया। खरगे के अलावा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी, राकांपा (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, द्रमुक नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, आप सांसद संजय सिंह और राघव चड्ढा, शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत और कई अन्य नेता शामिल हुए। बैठक के बाद खरगे ने संवाददाताओं से कहा कि बैठक में मौजूदा राजनीतिक परिस्थिति पर चर्चा की गई और बहुत से सुझाव आए। उन्होंने गठबंधन की तरफ से एक बयान भी पढ़ा। खरगे ने कहा कि इंडिया गठबंधन को मिले भारी जनसमर्थन के लिए हम मतदाताओं को तहे दिल से धन्यवाद देते हैं। इस जनादेश ने भाजपा और उसकी नफरत की राजनीति, भ्रष्टाचार और लोगों को हक हकूक से वंचित करने की राजनीति को बहुत करारा जवाब दिया है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजनीतिक और नैतिक पराजय है। यह जनादेश महंगाई, बेरोजगारी और पूंजीवाद के खिलाफ है।



इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल राहुल गांधी, अखिलेश व डीएमके नेता स्टालिन।



- इंडिया गठबंधन ने दिया विकल्प खुले रखने का संकेत



### सेंसेक्स 2,303 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

- चुनाव नतीजों के झटकों से उबरा बाजार
- निवेशकों की 13.22 लाख करोड़ बढ़ी पूंजी

मुंबई। चुनाव नतीजों के झटके से उबरते हुए स्थानीय शेयर बाजारों ने बुधवार को जोरदार वापसी की और बीएसई सेंसेक्स 2,300 अंक से अधिक की छलांग लगा गया। एनएसई निफ्टी भी 735 अंक के लाभ में रहा। लोकसभा चुनाव परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहने के कारण शेयर बाजार में मंगलवार को चार साल में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट आई थी। भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों की सरकार गठन को लेकर बातचीत के बाद बाजार चढ़ा है। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 2,303 .19 अंक यानी 3 .20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,382 .24 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 735 .85 अंक यानी 3 .36 प्रतिशत उछलकर 22,620 .35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 785 .9 अंक तक चढ़ गया था। बाजार में आई तेजी से निवेशकों को 13 .22 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ।


## राहुल को सौंपा रायबरेली से जीत का प्रमाण पत्र

### केएल शर्मा ने सोनिया से लिया आशीर्वाद

अमेठी। अमेठी लोकसभा क्षेत्र से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को हराने वाले कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने बुधवार को दिल्ली में गांधी परिवार से मुलाकात की है। उन्होंने राहुल गांधी को रायबरेली की जीत का प्रमाण पत्र सौंपा और सोनिया गांधी से आशीर्वाद लिया। सोनिया गांधी ने किशोरी लाल से कहा कि आप जैसे हैं, वैसे ही रहना है। कोई घमंड नहीं करना है। शर्मा ने कहा कि मैं गांधी परिवार की अपेक्षाओं पर हमेशा खरा उतरूंगा। जीत के साथ जिम्मेदारी भी आती है और वह जिम्मेदारी मैं महसूस कर रहा हूं। अमेठी की जनता के साथ मिलकर काम करूंगा तो निश्चित रूप में सफल होऊंगा। किशोरी लाल ने भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी को एक लाख 67 हजार वोटों से हराया है। स्मृति को तीन लाख 72 हजार वोट मिले, वहीं किशोरी लाल को पांच लाख 39 हजार वोट मिले हैं।









## ओखलकांडा में बरसाती नाले में गिरा वाहन, छह लोगों की मौत

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : नैनीताल जिले के ओखलकांडा ब्लॉक के पतलोट के समीप मैक्स वाहन (टैक्सी) देर शाम अनरबन गधेरे (बरसाती नाला) में गिरने से चालक समेत छह सवारों की मौत हो गई जिसमें तीन एक ही परिवार के थे, जबकि तीन बच्चों समेत सात लोग घायल हो गए। चार घायलों को इलाज हेतु हल्द्वानी भेजा गया है।

मैक्स वाहन (यूके04 टीए 4243) हल्द्वानी से पुड़पुड़ी गांव जा रहा था। शाम करीब सवा सात बजे वाहन पतलोट से पहले झड़गांव के पास 250 फीट गहरे गधेरे में गिर गया। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाव में जुट गए। खनस्यू थाना पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंच गए। मृतकों में पुड़पुड़ी निवासी चालक भुवन भट्ट (30), भद्रकोट निवासी उमेश परगाई (38), पुड़पुड़ी निवासी ममता (19), पार्वती देवी, महेश परगाई व दीपा परगाई शामिल हैं। तीन घायलों पंकज (13), मनोज (11) व लक्की (7) को ओखलकांडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि गंभीर रूप से घायल चार लोगों को हल्द्वानी रेफर किया गया है।



- तीन बच्चों समेत सात लोग घायल, चार घायलों को इलाज के लिए हल्द्वानी भेजा

## उत्तरकाशी के सहस्त्रताल ट्रैक पर नौ ट्रैकर्स की मौत

देहरादून। उत्तरकाशी जिले के सहस्त्रताल में ट्रैकिंग पर गया 22 सदस्यीय दल मौसम खराब होने के चलते फंस गया। जिसमें 9 ट्रैकर्स की मौत हो गई, चार ट्रैकर्स के शव रेस्क्यू कर लिए गए। 11 ट्रैकर्स को एयरलिफ्ट किया गया है। सेना के साथ एसडीआरएफ रेस्क्यू में जुटी है, लेकिन खराब मौसम रेस्क्यू में बाधक बन रहा है।

- 5 ट्रैकर्स के शव रेस्क्यू किए, 11 ट्रैकर्स को एयरलिफ्ट किया गया

एसडीआरएफ के कमांडेंट मणिकांत मिश्रा के मुताबिक 22 सदस्यीय दल ट्रैकिंग के लिए 29 मई को रवाना हुआ था। 2 जून तो दल सहस्त्रताल के कोखली टॉप बेस कैंप पहुंचा। 3 जून को वहां खराब मौसम में ट्रैकिंग दल फंस गया। पूरी रात उन्हें ठंड में बितानी पड़ी। अगले दिन दल को ले जाने वाली गढ़वाल माउंटनेरिंग एवं ट्रैकिंग एजेंसी के मालिक को सूचना मिली कि ठंड लगने से चार ट्रैकर की मौत हो गई है जबकि सात की तबियत खराब है और 11 ट्रैकर फंसे हुए हैं। आनन-फानन में रेस्क्यू शुरू किया गया। सेना के जवान रेस्क्यू में जुट गए।

## मुजफ्फरनगर में पुलिस से मुठभेड़ में सवा दो लाख का इनामी बदमाश ढेर

नोएडा, एजेंसी

- बिहार का गैंगस्टर था मारा गया बदमाश, दर्ज हैं 16 मुकदमे

मुजफ्फरनगर जिले में बुधवार रात पुलिस के साथ मुठभेड़ में 2.25 लाख रुपये का इनामी बदमाश मारा गया। मारा गया गैंगस्टर बिहार का रहने वाला था। अधिकारियों ने बताया कि मुजफ्फरनगर के रतनपुरी इलाके में उत्तर प्रदेश और बिहार के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि बिहार के बेगूसराय जिले के रहने वाले नीलेश राय के खिलाफ हत्या, लूटपाट और जबरन वसूली सहित 16 मुकदमे दर्ज थे। यश ने कहा कि बुधवार को एक संयुक्त अभियान में यूपी एसटीएफ की नोएडा इकाई और बिहार एसटीएफ की मुजफ्फरनगर के रतनपुरी थाना क्षेत्र में अपराधियों के साथ मुठभेड़ हुई। जिसमें बिहार का कुख्यात अपराधी नीलेश राय गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। उस पर बिहार सरकार ने 2.25 लाख का इनाम घोषित किया था। 24 फरवरी को बेगूसराय में उसके ठिकाने पर छापेमारी के दौरान उसने साथियों के साथ पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी की और भाग निकला था।

### जौनपुर में एक लाख के इनामी को मार गिराया

जौनपुर। प्रदेश के जौनपुर जिले के खेतासराय क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद पुलिस ने एक लाख रुपये के ईनामी बदमाश को मार गिराया। पुलिस ने उसके कब्जे से दो नाइन एमएम की पिस्टल और गोली बारुद बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा ने बुधवार को बताया कि एएसपी नगर बृजेश कुमार के निर्देशन में पुलिस मुठभेड़ में अन्तर्जनपदीय दुर्दान्त एक लाख रुपये के इनामी अपराधी प्रशान्त सिंह उर्फ प्रिन्स सिंह मारा गया। उस पर विभिन्न जनपदों में 37 अपराधिक मामले दर्ज हैं।

## बेटे ने मां को गड़ासे से काटा पेट्रोल डालकर शव जलाया

संवाददाता, ऊंचाहार (रायबरेली)

### दुस्साहस

- ऊंचाहार की घटना, जघन्य हत्याकांड से पूरे क्षेत्र में सनसनी
- वजह स्पष्ट नहीं, पुलिस कर रही आरोपी की तलाश

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के पूरे ठकुराइन मजरे उसरैना गांव में एक बेटे ने अपनी मां को गड़ासे से काटकर शव पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पुलिस ने अधजला शव कब्जे में लिया है। वारदात बुधवार की दोपहर हुई।

ठकुराइन मजरे उसरैना गांव निवासी लवकुश कुमार छोटे बेटे संदीप के साथ सलोन गए थे। घर में पत्नी सुशीला देवी (45) और बड़ा बेटा कुलदीप थे। ग्रामीणों का कहना है कि कुलदीप गांव में कहीं गया था। कुछ देर बाद घर लौटा, किसी बात पर उसने आपा खो दिया और गड़ासे से मां को काट डाला। फिर शव को घर के पीछे ले गया और पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। शव जलने लगा तो ग्रामीणों को जानकारी हुई। मौका पाकर कुलदीप भाग गया। पुलिस ने अधजले शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि कारणों का पता लगाया जा रहा है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 तक बढ़ी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में स्वास्थ्य आधार पर जमानत देने का आग्रह करने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका बुधवार को खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को न्यायिक हिरासत में केजरीवाल की चिकित्सकीय जरूरतों का ध्यान रखने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 जून तक के लिए बढ़ा दी।



### एयर कनाडा की फ्लाइट में बम की धमकी से हड़कंप

नई दिल्ली। एयर कनाडा की टोरंटो जाने वाली उड़ान में उस समय हड़कंप मच गया जब यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को विमान में बम रखे होने की धमकी वाला ईमेल मिला। हालांकि बाद में यह धमकी फर्जी निकली। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार रात 10 :50 बजे धमकी भरा ईमेल मिला था।

## एक लाख लेने कांग्रेस दफ्तर पहुंचीं महिलाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में गरीब महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना देने का वादा किया था जिसके तहत बुधवार को काफी संख्या में महिलाएं प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंच गईं और गारंटी कार्ड जमा करने में मांग की। महिलाओं के अचानक पहुंचने पर कांग्रेस पदाधिकारी सकते में आ गए। उन्होंने महिलाओं को किसी तरह समझा-बुझाकर शांत किया। अभी सरकार न बनने का तर्क दिया।

कांग्रेस मुख्यालय पर बुधवार को सुबह से ही महिलाओं की भीड़ बढ़ने लगी। दोपहर तक काफी संख्या में महिलाएं एकत्रित हो गईं। इसमें ज्यादातर मुस्लिम थीं। वे गारंटी कार्ड लेने पहुंची थीं। मुख्यालय में पार्टी नेता चुनाव में शानदार प्रदर्शन पर एक-दूसरे को बधाई दे रहे थे। महिलाओं के पहुंच जाने पर सभी सकते में आ गए। मौजूद नेताओं ने महिलाओं को समझा-बुझाकर शांत कराया। मालूम हो कि चुनाव से पहले कांग्रेस ने कई परिवारों को 'गारंटी कार्ड' वितरित किए थे। चुनावी सभाओं में इस घोषणा को लेकर पार्टी नेता राहुल गांधी का 'खटाखट-खटाखट' खाते में रुपये आने वाला बयान भी खूब चर्चा में रहा था।

### राहुल ने कहा था खटाखट रुपये मिलेंगे



रुपये लेने को परिजनों के साथ कांग्रेस मुख्यालय पहुंचीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- कांग्रेस पदाधिकारियों ने महिलाओं को समझा-बुझाकर शांत किया

### सरकार बनने के बाद रकम देने की बात थी

प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि सरकार बनने के बाद गरीब महिलाओं को रकम देने की बात कही गई थी। चुनाव से पहले बड़ी संख्या में यह कार्ड लोगों को बांटे भी गए थे। सभी प्रत्याशियों ने भी अपने क्षेत्रों में गारंटी कार्ड बांटे थे। ये गारंटी कार्ड लगातार जमा हो रहे हैं।

# विकास के लिए पेड़ों की बलि, तो क्या ऐसे बचाया जाएगा पर्यावरण

## सितारगंज मार्ग को फोरलेन करने के लिए पेड़ों का कटान शुरू, सड़क के चौड़ीकरण को काटे जाने हैं तकरीबन 2500 पेड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली



नवाबगंज के पास सड़क के चौड़ीकरण को काटे गए पेड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** एक तरफ तो बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पूरे देश में मनाया गया। लोगों से पेड़ लगान की अपील की गई तो दूसरी तरफ एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें बड़ी तादाद में काटे गए पेड़ सड़क किनारे पड़े नजर आए।

कुछ लोगों ने यह वीडियो चिपको बरेली ग्रुप में भी शेयर कर दिया तो पर्यावरण प्रेमी सवाल खड़े करने लगे। वीडियो नवाबगंज के पास का बताया जा रहा है। यहां पेड़ बरेली-सितारगंज मार्ग के चौड़ीकरण को काटे जा रहे हैं। अब लोग सवाल कर रहे हैं कि क्या हजारों पेड़ों की बलि चढ़ाकर पर्यावरण को बचाया जाएगा।

दरअसल, 71 किलीमीटर लंबे बरेली सितारगंज मार्ग को अर्से से चौड़ा करने का प्रोजेक्ट चल रहा है। चौड़ीकरण को लेकर पेड़ों का कटान वन निगम की तरफ से शुरू कर दिया गया है। विभाग के आंकड़ों के अनुसार लगभग ढाई हजार पेड़ इस सड़क पर काटे जाने हैं, हालांकि एनएचएआई की तरफ से इसको लेकर पूर्व अनुमति ली गई थी। सर्वे करने के बाद वन विभाग की तरफ से पेड़ों के कटान की अनुमति दी गई थी। पूरे मामले पर नवाबगंज के वन रेंजर केके मिश्रा ने बताया कि एक महीने पहले ही पेड़ों के कटान का काम शुरू हो गया था।

उधर एनएचएआई के परियोजना निदेशक बीपी पाठक ने बताया कि ढाई हजार पेड़ काटने की अनुमति ली गई है। जिसमें से लगभग 800 पेड़ अब तक काटे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि पेड़ों के कटान के कारण फिलहाल चौड़ीकरण का कार्य बीच में ही रुका हुआ है।

### पर्यावरण प्रेमियों ने उठाए सवाल

पेड़ों के कटान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पर्यावरण प्रेमी संजीव महरोत्रा ने चिपको ग्रुप में वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि एक तरफ तो पेड़ लगाने की मुहिम चल रही है तो दूसरी तरफ बेदर्दी के साथ पेड़ काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह का काम बंद होना चाहिए। वहीं, पर्यावरण प्रेमी निकिता ने भी वीडियो पर कमेंट कर लिखा कि इस तरह के काम पर शर्म आनी चाहिए।

### बिशारतगंज और आंवला में ब्लॉक के कारण होगी दिक्कत

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन की ओर से बिशारतगंज और आंवला में ब्लॉक की जानकारी दी गई है। नौ जून को बिशारतगंज–आंवला स्टेशनों के बीच पुल संख्या–21 पर मरम्मत कार्य के लिए ब्लाक दिया जाएगा। जिसकी वजह से यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। इस वजह से 9 जून को 12035 टनकपुर–दिल्ली एक्सप्रेस टनकपुर से 60 मिनट रिशेड्यूल कर चलाई जाएगी। वहीं, इसी दिन 12036 दिल्ली–टनकपुर एक्सप्रेस दिल्ली से 210 मिनट रिशेड्यूल कर चलाई जाएगी। यह ट्रेनें बरेली जंक्शन लेट पहुंचेंगी। वहीं समर स्पेशल ट्रेनों की लेटलतीफी ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बुधवार को इज्जतनगर स्टेशन पर 05056 वाराणसी लालकुआं समर स्पेशल ट्रेन के इंतजार में यात्री परेशान होते रहे। यह ट्रेन लगभग सात घंटा की देरी से यहां पहुंची। इसके अलावा 12204 गरीबरथ एक्सप्रेस 2 घंटा 48 मिनट, 05048 वाराणसी समर स्पेशल 1 घंटा 7 मिनट, 04068 दरभंगा समर स्पेशल 2 घंटा 57 मिनट, 04682 कोलकाता समर स्पेशल ट्रेन सात घंटा की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंची।






# बिजली संकट: व्यापारियों ने अफसरों को घेरा

## मुख्य अभियंता के कार्यालय पर जताया विरोध, बोले- अधिकारी एसी की हवा खा रहे, कटौती से लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली



मुख्य अभियंता कार्यालय में प्रदर्शन करते व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर से लेकर देहात तक हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में बुधवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। व्यापारी नेताओं ने सर्किट हाउस के सामने मुख्य अभियंता कार्यालय पर विरोध जताया और अधिकारियों को कार्यालय से बाहर बुलाकर वार्ता की। एक सप्ताह में आपूर्ति व्यवस्था में सुधार न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। अधिकारियों ने जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने बिजली विभाग के अधिकारियों का घेराव किया। मुख्य अभियंता कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करने के बाद व्यापारियों ने अधिकारियों को ज्ञापन देकर बताया कि जिले में लाइनों की स्थिति खराब है। पुराने जर्जर तारों पर अत्यधिक लोड डाला जा रहा है। इस वजह से फाल्ट हो रहे हैं। इन तारों को बदला जाए। कई क्षेत्रों में 11 हजार लाइन के भूमिगत फीडर बने हुए हैं लेकिन उन्हें चालू नहीं किया गया है। गर्मी में ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। उनमें मानक के अनुसार तेल भरा जाए। आरोप लगाया कि लोड कम करने के लिए कटौती की जा रही है। व्यापारियों ने बताया कि ट्रांसफार्मर पर लगने वाली सिटी जो लोड पढ़ने पर ऑटोमेटिक कट करती है, वे अधिकांश खराब हैं। फाल्ट ठीक करने के नाम पर कर्मचारियों पर वसूली करने का भी आरोप लगाया।

सुभाष नगर और बदायूं रोड पर लगातार कनेक्शन दिए जा रहे हैं, लेकिन ट्रांसफार्मर का लोड नहीं बढ़ाया जा रहा है। जिससे ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने से बिजली कटौती की जा रही है। मोहल्ला शाहबाद स्थित दीवान खाना चौक में रखे हुए ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि कराने की मांग की। वहीं जगतपुर उपकेंद्र के पोल 29 पर रखे ट्रांसफार्मर की 6 माह पहले अंडरग्राउंड केबल खराब होने पर लाइन रोहली टोला फीडर से जोड़ दी गई। अब केबल सही हो चुकी है लेकिन उसे चक चुंगी फीड पर नहीं जोड़ा जा रहा है। इससे रोहली टोला फीडर ओवरलोड है। किला के मोहल्ला बानखाने में लीड रोज टूटने से बिजली कटौती हो रही है। इस दौरान महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र गुप्ता, महानगर महामंत्री राजेश जसोरिया, महानगर कोषाध्यक्ष संजीव चांदना, संयोजक रवि अरोड़ा, सह संयोजक मोहसिन आलम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुर्गेश खटवानी ,मनमोहन सब्बरवाल ,राव वीरेंद्र अग्रवाल, मथुरा प्रसाद, नरोत्तम आर्य, निरंजन ,अनिल गुप्ता, निखिल गोयल, तरुण अग्रवाल, नासिर आदि मौजूद रहे।

**शहर अभियंता से बोले- एसी छोड़कर निरीक्षण कीजिए :** सर्किट हाउस के सामने मुख्य अभियंता कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करने के बाद व्यापारियों ने कहा कि मुख्य अभियंता को कार्यालय से बाहर बुलाकर ही वार्ता होगी। मुख्य अभियंता रणविजय सिंह के साथ शहरी और ग्रामीण अधीक्षण अभियंता के साथ अधिशासी अभियंता भी व्यापारियों की बात सुनने आए। व्यापारियों ने शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता से कहा कि आप तो रिटायर होने वाले हैं, लेकिन शहर को बेड़ा गर्ग मत कीजिए, कभी एसी रूम से बाहर निकलकर निरीक्षण भी कीजिए। व्यापारियों ने आरोप लगाए कि सरकार ने बिजली सुधार के नाम पर करोड़ों रुपये विभाग को दिए, लेकिन अधिकारी उसमें गोलमाल कर गए। सुभाषनगर और कुतुबखाना के अवर अभियंता के फोन नहीं उठाने पर भी व्यापारियों ने नाराजगी जताई।

### आंधी और बारिश से रामगंगानगर फीडर की लाइन में फाल्ट

**बरेली, अमृत विचार :** आंधी और बारिश की वजह से बुधवार देर शाम हरूनगला के रामगंगानगर फीडर की लाइन में खराबी आ गई। कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। रात 10 बजे फाल्ट ठीक हो सका। कुसुम नगर में ट्रांसफर के पास लीड में आग लगने से सुपर सिटी फीडर बंद हो गया, जिससे ग्रीन पार्क की सप्लाई बंद हो गई।

### हरूनगला क्षेत्र में कई घंटे बाधित रही बिजली

फाल्ट और शटडाउन की वजह से हरुनगला और बाईपास क्षेत्र में लोगों को कई घंटे बिजली संकट का सामना करना पड़ा। बुधवार दोपहर 12 से लेकर दोपहर 2 बजे तक बाईपास और हरुनगला में आरडीएसएस योजना के तहत काम किया गया। इस दौरान इन क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित रही। बाईपास फीडर में फाल्ट से शाम 5 से 7 बजे तक बिजली गुल रही। अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला ने बताया कि फाल्ट के चलते कुछ देर बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। जिसका समाधान कराकर आपूर्ति को बहाल करा दिया गया। वहीं किला उपकेंद्र से जुड़े कुंवरपुर की लाइन चौपुला उपकेंद्र से जोड़कर आपूर्ति सुचारू कर दी गई है। उधर, कुतुबखाना, महानगर, जगतपुर और सुभाषनगर क्षेत्र में ट्रिपिंग से दिनभर लोग परेशान होते रहे। वहीं बुधवार सुबह आठ से दस बजे तक पेड़ों की टहनियों को काटा गया। इस दौरान मढ़ीनाथ क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रही।

### ग्रामीण क्षेत्र में रोज छह घंटे बिजली कटौती का मेसेज वायरल

बुधवार को सोशल मीडिया पर एक मेसेज वायरल हो गया, जिसमें बताया गया कि अब जिले में बिजली बढ़ती मांग के चलते हर रोज छह घंटे ग्रामीण क्षेत्र में बिजली कटौती की जाएगी। इस संबंध में मुख्य अभियंता रणविजय सिंह ने बताया कि इसको लेकर लिखित में कोई आदेश नहीं मिला है।

## आरडीएसएस योजना के कामों की जांच पूरी

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली विभाग की ओर से आरडीएसएस योजना के तहत कराए गए कामों की जांच पूरी कर रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी गई है। मुख्य अभियंता ने जांच में जो कमियां मिली हैं, उन्हें ठीक कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा लापरवाही पर संबंधित फर्म पर कार्रवाई हो सकती है।

आरडीएसएस योजना के तहत जिले में बंच केबल डालने, 11 और 33 केवी की नई लाइन के निर्माण के साथ ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने के काम किए गए थे। मुख्यालय के निर्देश पर मुख्य अभियंता रणविजय सिंह, अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार चौरसिया, अंबा प्रसाद वशिष्ठ, सभी अधिशासी अभियंता, एसडीओ और जेई ने आरडीएसएस योजना के तहत कराए गए कामों की जांच की है। निरीक्षण के दौरान टीमों ने पाया कि एबीसी केबल मजबूती से नहीं कसी गई हैं। इसके अलावा अर्थिंग रॉड भी सही नहीं मिलीं। बिजली के कुछ पोल सीधे नहीं पाए गए। ट्रांसफार्मर के पास लग नहीं लगाए गए। इसके अलावा 11 और 33 केवी की लाइन में भी कमियां मिली हैं। मुख्य अभियंता रणविजय सिंह ने बताया कि जांच में जो कमियां सामने आई हैं उसमें सुधार करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।














## बारिश से गर्मी से मिली राहत आज से फिर बढ़ेगा तापमान



बुधवार रात बारिश से मौसम ठंडा हो गया। ● अमृत विचार

- जिले में रात के तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई

**बरेली, अमृत विचार :** जिले के लोगों को बुधवार रात तेज हवा और बारिश से गर्मी से राहत मिली लेकिन अब एक सप्ताह तक गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। मौसम विभाग ने गुरुवार से तापमान में बढ़ोत्तरी का पूर्वानुमान जताया है। बुधवार को अधिकतम तापमान 42 से 43 डिग्री और न्यूनतम 28 से 29 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है।

जिले में बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया लेकिन यह मंगलवार से 0.9 डिग्री सेल्सियस कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.9 डिग्री अधिक 28.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो मंगलवार से 1.4 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी सप्ताह भर एक बार फिर अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। इस दौरान आर्द्रता 50 से अधिक होने से उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करेगी। उन्होंने बताया कि गुरुवार से पुरवा हवा कमजोर पड़ जाएगी। इसकी वजह से लू का दायरा बढ़ेगा। इस दौरान 30 से 40 किमी की रफ्तार से हवा चलने के आसार हैं।

## सड़क पर बेहोश होकर गिरे दो होमगार्ड



जिला अस्पताल की इमरजेंसी के मेल मेडिकल वार्ड में भर्ती दोनों होमगार्ड।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला अस्पताल में कराया भर्ती हीट स्ट्रोक के मिले लक्षण
- विकास भवन और कोतवाली के बाहर धूप में कर रहे थे ड्यूटी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी का असर दिख रहा है। हीट स्ट्रोक के लक्षण वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बुधवार को धूप में ड्यूटी कर रहे दो होमगार्ड बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच में हीट स्ट्रोक के लक्षण मिले हैं।

दलपतपुर निवासी होमगार्ड मिश्रीलाल विकास भवन गेट तो होमगार्ड बहोरन लाल कोतवाली गेट पर ड्यूटी कर रहे थे। मिश्रीलाल जाम की समस्या होने पर वाहन चालकों को व्यवस्थित कर रहे थे। लगातार धूप में रहने के कारण वह गश खाकर गिर पड़े। वहीं बहोरन लाल की पहले से ही तबीयत खराब थी। लगातार धूप में रहने से वह भी बेहोश हो गया। दोनों को साथी होमगार्डों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

> लगातार धूप के संपर्क में आने से दोनों होमगार्ड हीट एग्जॉर्सन की चपेट में आ गए। हालांकि दोनों को फौरन इलाज मिलने से हालत में सुधार हो रहा है।
> –डॉ. अलका शर्मा, एडीएसआईसी, जिला अस्पताल








शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई
गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877


**आज का मौसम**

आसमान साफ रहेगा।

41.0⁰ अधिकतम तापमान | 28.0⁰ न्यूनतम तापमान

# शेखूपुर के मतदाताओं ने नीरज मौर्य की जीत की पक्की

## धर्मेंद्र कश्यप को हराकर 15969 वोटों से हासिल की जीत , शेखूपुर से सबसे ज्यादा 15111 मतों की रही बढ़त

अनुपम सिंह, बरेली

- फरीदपुर से मिली बढ़त ने भी सपा की जीत को किया आसान

**अमृत विचार :** आंवला संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप की जीत की हैट्रिक को रोककर पहली बार सांसद बनने वाले सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य की जीत में शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने अहम भूमिका निभाई है। नीरज मौर्य को पांचों विधानसभा क्षेत्रों में शेखूपुरा में सबसे ज्यादा 15111 मतों की बढ़त मिली। फरीदपुर में बढ़त से सपा की जीत सुनिश्चित हो गई।

आंवला में मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप और सपा के नीरज मौर्य के बीच हुआ। मंगलवार को मतगणना के दौरान किसी राउंड में धर्मेंद्र कश्यप तो किसी में नीरज मौर्य ने बढ़त बनाई लेकिन अंत में नीरज मौर्य ने 15969 मतों से जीत हासिल की। नीरज मौर्य को 492515 वोट मिले। विधानसभा क्षेत्र वार जारी आंकड़ों के मुताबिक सपा प्रत्याशी की जीत का रास्ता शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने तैयार किया है। यहां पर भाजपा प्रत्याशी को 89640 वोट ही मिले, जबकि सपा को 104751 वोट मिले हैं। यहां नीरज मौर्य को 15111 वोट ज्यादा मिले। शेखूपुर में सपा के विधायक हिमांशु यादव हैं। वहीं फरीदपुर में भाजपा के विधायक प्रो. श्याम बिहारी हैं, लेकिन इसके बाद भी भाजपा को यहां पर सपा प्रत्याशी से कम वोट मिले। भाजपा को यहां से 86144 वोट मिले, जबकि सपा को 96539 वोट मिले हैं। यहां पर धर्मेंद्र कश्यप को 10395 वोटों से हार का सामना करना पड़ा है। बिथरी चैनपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के डॉ. राघवेंद्र शर्मा विधायक हैं। इसके बाद भी भाजपा के प्रत्याशी को 111774 वोट ही मिले, जबकि सपा को 113585 यानी 1811 वोट ज्यादा मिले। वहीं दातागंज में धर्मेंद्र कश्यप को 101306 वोट मिले हैं, जबकि सपा को यहां से 98162 वोट मिले हैं। वहीं, पोस्टल बैलेट में भी धर्मेंद्र को 284 वोट कम मिले हैं। नीरज को 1396 और धर्मेंद्र को 1112 मत मिल सके।

### दातागंज में भी कम हुई भाजपा की लीड

आंवला लोकसभा क्षेत्र की दातागंज विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के विधायक हैं। यहां से भाजपा की पूर्व के चुनावों में 10 से 15 हजार वोटों की बढ़त रहती थी, मगर इस बार यहां से भी लीड का अंतर काफी घट गया। इस बार धर्मेंद्र कश्यप यहां से सिर्फ 3144 वोटों से ही बढ़त बना पाए।

# बीडीए ने दो अवैध कॉलोनियों को बुलडोजर चलाकर किया ध्वस्त


बिचपुरी में अवैध कॉलोनी को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त करती बीडीए की टीम।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बीडीए के प्रवर्तन दल ने राम गंगानगर और डोहरा रोड पर 14 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बन रहीं दो अवैध कालोनियों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया।

रामगंगा नगर आवासीय योजना के सेक्टर एक के पीछे बिचपुरी गांव में छह हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बिना मानचित्र स्वीकृत कराए मोहित कुमार कॉलोनी का निर्माण करा रहे थे। यहां सड़क, भूखंडों का चिह्नांकन किया जा रहा था। इसी क्षेत्र में डोहरा रोड पर नकटिया नदी के किनारे लगभग आठ हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में विजयपाल और शिव मंगल अवैध कॉलोनी का निर्माण करा रहे थे। प्रवर्तन टीम ने दोनों अवैध कालोनियों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। प्रवर्तन टीम में सहायक अभियंता हरीश चौधरी, लक्ष्मण सिंह रावत, अवर अभियंता सुनील कुमार गुप्ता आदि शामिल रहे।

# विधानसभा चुनाव में जहां भाजपा को मिली जीत, वहां लोकसभा चुनाव में कम हुए वोट

## बरेली लोकसभा क्षेत्र के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में सपा को हुआ फायदा

कार्यालय संवाददाता बरेली

**अमृत विचार :** विधानसभा चुनाव 2022 में जिले में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला लेकिन दो साल बाद लोकसभा चुनाव में नतीजा उलट रहा। विधानसभा चुनाव में वोट पाकर विधायक बने नेता लोकसभा में अपने बराबर वोट नहीं दिला पाए। कहीं वोट बढ़े तो कहीं कम हुए हैं। मीरगंज और भोजीपुरा के विधायकों ने अपनी-अपनी पार्टी के लिए लोकसभा में ज्यादा वोट पाए हैं।

बरेली लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्रों में चार पर भाजपा और एक पर सपा के विधायक हैं। आंकड़ों को देखें तो विधानसभा चुनाव में शहर विधानसभा में भाजपा को 1 लाख 29 हजार 14 वोट मिले थे, जबकि लोकसभा चुनाव में इसी क्षेत्र में एक लाख 24 हजार 129 वोट मिले। कैंट में विधानसभा चुनाव में 98 हजार 931 वोट मिले तो लोकसभा चुनाव में 95 हजार 940 वोट मिले हैं। इन दोनों क्षेत्रों में सपा का प्रदर्शन बेहतर रहा है। विधानसभा चुनाव में कैंट में सपा को 88 हजार 163 वोट तो लोकसभा चुनाव में 92 हजार 654 वोट मिले हैं। वहीं शहर में 96 हजार 694 और लोकसभा चुनाव में एक लाख 5 हजार 900 वोट मिले हैं। विधानसभा चुनाव में मीरगंज में भाजपा को एक लाख 16 हजार 435 वोट मिले थे लेकिन लोकसभा चुनाव में 1 लाख 20 हजार 977 वोट मिले हैं। सपा यहां भी लाभ में रही है। सपा को विधानसभा चुनाव में 83 हजार 955 और अब 93 हजार 943 वोट मिले हैं। विधानसभा चुनाव में नवाबगंज में भाजपा को 1 लाख 11 हजार 113 वोट मिले थे और अब एक लाख छह हजार 279 वोट मिले हैं। सपा को तब एक लाख एक हजार 876 वोट और अब एक लाख सात हजार 183 वोट मिले हैं। भोजीपुरा विधानसभा सीट समाजवादी पार्टी के कब्जे हैं। यहां सपा अब भी लाभ में है। हालांकि भाजपा का प्रदर्शन भी पिछली बार से काफी सुधरा है लेकिन सपा के मुकाबले कम ही है। विधानसभा चुनाव में यहां सपा को एक लाख 19 हजार 402 वोट मिले थे और अब एक लाख 31 हजार 145 वोट मिले हैं। भाजपा को तब एक लाख नौ हजार 993 वोट मिले थे और अब एक लाख 18 हजार 275 वोट मिले हैं।

### लोकसभा चुनाव में हार ने भाजपा विधायकों की बढ़ाई चिंता

**बरेली,अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के नतीजों ने जिले में भाजपा के विधायकों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। सबसे ज्यादा चिंतन-मंथन का दौर उन विधायकों के खेमे में शुरू हो गया है, जहां से पार्टी प्रत्याशी को हार मिली है। इसकी वजह भी तलाशी जा रही है। नौ विधानसभा सीट वाले जिले में भाजपा के सात विधायक हैं। विधानसभा क्षेत्र बरेली से प्रदेश सरकार में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, नवाबगंज विधायक एमपी आर्या, मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा हैं। आंवला से भाजपा विधायक एवं प्रदेश सरकार में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, फरीदपुर विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल हैं। मंगलवार को चुनाव के नतीजे आने के बाद भाजपा प्रत्याशी को मीरगंज से 27034 और शहर से 18229 वोट सपा प्रत्याशी से ज्यादा मिले हैं, जबकि नवाबगंज में 904 और भोजीपुरा में 12870 वोट प्रवीण सिंह ऐरन को ज्यादा मिले। कैंट में भाजपा को 95940 और सपा को 92654 मिले हैं। वहीं आंवला लोकसभा सीट में आंवला और दातागंज विधानसभा क्षेत्र से ही भाजपा बढ़त बना पाई है, जबकि फरीदपुर, बिथरी चैनपुर में सपा से पीछे रही। इन चारों विधानसभा क्षेत्रों में 2022 में भाजपा के जीत हुई थी।

### बूथ वार सूची आने के बाद तलाशेंगे हार की वजह

आंवला से भाजपा अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह ने बताया कि बूथ वार सूची बृहस्पतिवार तक आ जाएगी। सूची को एक बार देखने के बाद पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक होगी, जिसमें समीक्षा होगी कि जहां पर पार्टी के विधायक हैं वहां पर प्रत्याशी को कम वोट क्यों मिले और हार के क्या कारण रहे।

# सेना के गोपनीय स्थानों के वीडियो अपलोड करने पर रिपोर्ट

- पूर्व सैनिक पर सेना की गोपनीयता भंग करने का आरोप

**कैंट, अमृत विचार :** कैंट थाना में सैन्य क्षेत्र के गोपनीय स्थानों के वीडियो बनाकर यूट्यूब पर अपलोड करने पर पूर्व सैनिक के खिलाफ एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

जाट रेजिमेंट सेंटर के सूबेदार धर्मवीर सिंह ने बताया कि रविंदर फौजी पूर्व फौजी के नाम से संचालित यूट्यूब चैनल पर वीडियो अपलोड किए हैं। उसने अपने वीडियो में संवेदनशील सेवा मामलों के बारे में भ्रामक और विकृत जानकारी अपलोड की हैं।

इन वीडियो में उसने जाट रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट, डिप्टी कमांडेंट, प्रशासनिक बटालियन कमांडर, सूबेदार मेजर और सूबेदार एडजुटेंट ऑफिसर का नाम खराब करने की कोशिश की है। वीडियो में भड़काऊ शब्द भी कहे गए हैं।

इसका उद्देश्य भारतीय सेना के सेवारत कर्मियों के खिलाफ माहौल को भड़काना है।

# मास्टर प्लान : भवनों के नक्शे पास न कराने पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता बरेली

**अमृत विचार :** बीडीए ने मास्टर प्लान 2031 के तहत 18 मीटर और इससे ज्यादा चौड़ी सड़क पर बने भवनों के मानचित्र स्वीकृत कराने का अवसर भवन स्वामियों को दिया है। बीडीए ने चेतावनी दी कि स्टेडियम रोड, रामपुर रोड, पीलीभीत बाईपास आदि पर बने बरात घर, कॉमर्शियल भवन, शोरूम के मानचित्र स्वीकृत न कराने पर कार्रवाई की जाएगी। अन्यथा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

मार्च 2024 से मास्टर प्लान-2031 शहर में लागू है। इसके तहत नगरीय क्षेत्र के तहत 18 मीटर और इससे अधिक चौड़े मार्गों पीलीभीत बाईपास, नैनीताल रोड, शाहजहांपुर रोड, बदायूं रोड, स्टेडियम रोड, मिनी बाईपास, कोहाड़ापीर से डमरू चौराहे तक, चौकी चौराहे से चौपुला चौराहे तक आदि मार्गों पर आवासीय भू-उपयोग के अन्तर्गत बाजार स्ट्रीट भू-उपयोग का प्राविधान किया गया है।

बीडीए सचिव योगेन्द्र कुमार ने कहा कि इन मुख्य मार्गों पर निर्मित कई शोरूम, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, होटल संचालक मास्टर प्लान के अनुरूप अपने-अपने निर्माण का मानचित्र स्वीकृत करा लें। ऐसा न करने पर कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षक के घर का ताला तोड़कर 15 लाख का सामान चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में चोरों ने शिक्षक के घर का ताला तोड़कर नकदी समेत 15 लाख के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।

दुर्गानगर निवासी शिक्षक सुधीर वीर विक्रम के मुताबिक वह 29 मई को परिवार के साथ अपने गांव हरदोई गए हुए थे। सोमवार को चोरों ने घर का ताला तोड़कर नकदी समेत 15 लाख के आभूषण चुरा ले गए। मंगलवार को चोरी का पता चलने पर वह वापस आए तो देखा कि कमरों और अलमारियों के ताले टूटे पड़े हुए थे। पुलिस के मुताबिक चोरों की पहचान के लिए घर के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

# किसान घर में रात बिताए और खेत रहें सुरक्षित, इसकी करेंगे व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, बरेली

### नीरज मौर्य बोले, इफ्को से बड़ी कंपनी आंवला में लगवाएंगे



सपा कार्यालय पर प्रेसवार्ता में जानकारी देते नव निर्वाचित सांसद नीरज मौर्य।

**अमृत विचार:** आंवला क्षेत्र का किसान रात में अपने घर पर सोये और उसके खेत भी सुरक्षित रहें, इसकी व्यवस्था कराएंगे। बेसहारा घूम रही गायों को आश्रय स्थल में भेजेंगे। इसके अलावा युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए इफ्को से बड़ी फैक्ट्री भी क्षेत्र में लगवाएंगे। यह बातें आंवला के नव निर्वाचित सांसद नीरज मौर्य ने पत्रकारों से कहीं।

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर दोपहर में पत्रकारों से बात करते हुए नीरज मौर्य ने कहा कि 90 के दशक में आंवला में फैक्ट्री लगी थी, अब इससे बड़ी फैक्ट्री लगवाएंगे। उन्होंने कहा कि जो वादा जनता से किया है उसे कैसे पूरा करें इसकी योजना बनाएंगे। इसके लिए जनता कुछ समय दे। हर विधानसभा क्षेत्र में बैठकर जनता की समस्या का समाधान कराएंगे। इसके लिए हर विधानसभा के लिए दिन तय किया जाएगा। जनता को बरेली के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि केन्द्र में इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी। भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग नहीं किया होता तो सपा 50 सीटें जीतती। कहा कि जनता भाजपा से तंग आ चुकी है। आंवला की जनता भी भाजपा से परेशान थी, जो व्यक्ति जीतने के बाद क्षेत्र में नहीं गया हो उसे जनता की समस्या का कैसे पता चलता। जनता सबक सिखाना चाहती थी इसलिए जनता ने क्षेत्र में नहीं आने वाले नेता को घर बैठा दिया है। उन्होंने कहा कि सपा के लिए भाजपा कभी चुनौती नहीं रही। भाजपा जनता को बरगलाकर झूठ बोलकर वोट लेती रही है लेकिन काठ की हांडी भी बार-बार नहीं चढ़ती है। झूठ और जुमलेबाजी की वजह से ही भाजपा अयोध्या भी हारी और वाराणसी के आसपास की सभी सीटें भी हारी है। वार्ता के समय सपा के प्रदेश महासचिव अताउर रहमान, जिला अध्यक्ष शिवचरन कश्यप, शमीम खां सुल्तानी, शुभलेश यादव, प्रवक्ता मयंक शुक्ला मोंटी, मनोहर पटेल, अशोक यादव आदि रहे।

### राहत की छांव



पर्यावरण का संरक्षण क्यों जरूरी है, पेड़ों का महत्व समझाने के लिए ये तस्वीरें काफी हैं। बुधवार दोपहर पारा 40 डिग्री के पार पहुंचा तो शहर में बरेली जंक्शन, जिला अस्पताल परिसर में इन पेड़ों के नीचे लोगों को राहत की छांव मिली। ● शारिक खान

# खराब मीटर बदलवाने के बहाने वसूल रहे पैसे

**बरेली, अमृत विचार :** किला क्षेत्र में एक युवक खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताकर उपभोक्ताओं से मीटर बदलवाने और नए बिजली कनेक्शन लगाने के बहाने पैसे वसूल रहा है। मामला संज्ञान में आने पर एसडीओ ने जेई को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

एसडीओ से क्षेत्र के लोगों ने शिकायत की कि युवक खुद को किला उपकेंद्र का कर्मचारी बताकर नए कनेक्शन कराने के साथ ही खराब मीटर बदलवाने के नाम पर आए दिन वसूली कर रहा है। एसडीओ किला भगवान दास ने अवर अभियंता किला से पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट मांगी है।

# चार महीने पहले बनी सड़क धंसी, कमीशन का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पार्षदों ने सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए निर्माण विभाग के इंजीनियरों से की शिकायत


सिटी सब्जी मंडी रोड पर चार महीने पहले बनी सड़क धंसी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सिटी सब्जी मंडी रोड पर चार महीने पहले बनी सड़क बुधवार को धंस गई है। इस सड़क को नगर निगम के निर्माण विभाग ने बनवाया था। स्थानीय लोगों और पार्षदों ने सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए निर्माण विभाग के इंजीनियरों से शिकायत की है। पार्षदों ने उपसभापति से भी मामले की शिकायत की है। पार्षदों ने कमीशन के चक्कर में घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाया है।

जब बुधवार को सड़क धंसनी शुरू हुई तो लोगों ने विभाग के इंजीनियरों से शिकायत की तो वह टालमटोल करने लगे और फिर से सड़क निर्माण कराने के लिए निविदा होने की बात कही। इंजीनियरों ने बहना बनाते हुए कहा कि सीवर लाइन का काम होने के कारण सड़क धंस जा रही हैं। लोगों का कहना है कि अटल सेतु से उतरने के बाद मुख्य सड़क सिटी सब्जी मंडी की ओर जाती है। इस सड़क पर कम संख्या में वाहनों का आवागमन होता है और भारी वाहन भी नहीं गुजरते है। यहां तक की इस जगह पर कोई सीवर लाइन का काम भी नहीं हो रहा है। इसके बाद भी सड़क धंस गई है। आरोप है कि जल्दबाजी में बजट खर्च करने के लिए सड़क का निर्माण कराया गया और घटिया सामग्री लगाई गई। उपसभापति सर्वेश रस्तोगी ने बताया कि नई सड़क अचानक धंसने की शिकायत पार्षदों ने की है। इसके बारे में अधिशासी अभियंता को जानकारी दी गई है। मामले की जांच और सड़क ठीक कराई जाएगी।

# दूसरे का प्लॉट दिखाकर बेच दी सरकारी जमीन

**बरेली:** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने दूसरा प्लॉट दिखाकर सरकारी जमीन को ही फर्जी बैनामा कर बेच दिया। खरीददार प्लॉट पर निर्माण कराने पहुंचा तो उसे फर्जीवाड़े का पता चला। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सरकारी जमीन के कागजों में हेराफेरी करने की रिपोर्ट दर्ज की है।

फरीदपुर थाना क्षेत्र के कस्बा साहूकारा निवासी दिव्यांग सुरेश चंद्र ने वर्ष 2012 में इज्जतनगर थाना क्षेत्र के बिहार मान नगला में एक प्लाट खरीदा था। उन्हें राजेंद्र नगर निवासी हरीश कुमार सूरी ने 1.23 लाख रुपये में प्लॉट बेचा था। उनका आरोप है कि जब वह प्लॉट पर निर्माण कराने गए तो पता चला कि जिस प्लॉट को हरीश ने बेचा था वह किसी दूसरे व्यक्ति का है। आरोपी हरीश ने फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार कर सरकारी जमीन का बैनामा कर दिया। जब उन्होंने हरीश से जब रुपये वापस करने को कहा तो उसने जान से मारने की धमकी दी।

# चार जगह से पकड़ी बिजली चोरी मगर रिपोर्ट सिर्फ एक पर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जेई पर खेल कर चोरी करने वाले उपभोक्ताओं की वीडियो डिलीट करने का आरोप
- एसडीओ बोले वीडियो साफ नहीं होने की वजह से नहीं दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** बिजली विभाग के एक जेई पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने में खेल करने का आरोप लगा है। जेई ने टीम के साथ चार उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़ा लेकिन रिपोर्ट सिर्फ एक पर ही दर्ज कराई। इस मामले में एसडीओ का कहना है कि वीडियो साफ नहीं होने की वजह से अन्य उपभोक्ताओं पर रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। इससे पहले भी जेई पर कई जगह पर बिजली चोरी के मामले में खेल करने का आरोप लगा था लेकिन डिवीजन के एक अधिकारी का संरक्षण होने से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

शहर में बिजली चोरी की वजह से ओवरलोडिंग होने से फाल्ट होते हैं। बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ विभाग ने चेकिंग अभियान शुरू किया है। कुछ दिनों पहले शहरी क्षेत्र के एक डिवीजन के जेई ने एक मोहल्ले में चार मकानों में बिजली चोरी होते पकड़ी थी। आरोप है कि जेई ने तीन उपभोक्ताओं को 57 हजार रुपये लेकर छोड़ दिया, जबकि पैसे नहीं देने पर सिर्फ एक उपभोक्ता पर रिपोर्ट दर्ज करा दी। इसके अलावा जिन उपभोक्ताओं के यहां बिजली चोरी पकड़ी गई थी, उनकी वीडियो भी डिलीट कर दी गई।

> मेरे संज्ञान में इस तरह का कोई मामला नहीं है। अगर ऐसा हुआ है तो मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं पर तुरंत ही रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> -रणविजय सिंह, मुख्य अभियंता

# 35 गांवों को प्राधिकरण में मिलाने की प्रक्रिया होगी तेज

## एनओसी हो सकेगी जारी, आचार संहिता हटने के बाद विकास कार्य पकड़ेंगे रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिले की सदर, फरीदपुर और आंवला तहसील के 35 गांवों को बीडीए में शामिल किया जाएगा
- गांवों को प्राधिकरण की सीमा में शामिल करने का प्रस्ताव कैबिनेट से पास हो चुका है

**अमृत विचार :** विकास प्राधिकरण की जिले में अपनी सीमा विस्तार की कार्यवाही को अब दिशा मिल सकेगी। कैबिनेट से प्रस्ताव पास होने के बाद कुछ विभाग से एनओसी मांगी जा चुकी है। आचार संहिता की वजह से यह कार्यवाही आगे नहीं बढ़ पा रही थी, लेकिन अब यह गति पकड़ेगी।

जिले की सदर, फरीदपुर और आंवला तहसील के 35 गांवों को बीडीए की सीमा में शामिल करने की प्रक्रिया चल रही है। गांवों को प्राधिकरण की सीमा में शामिल करने का प्रस्ताव कैबिनेट से पास हो चुका है।

उसके बाद अब कई विभागों से एनओसी भी मांगी गई है। आचार संहिता की वजह से यह काम सुस्त पड़ गया था। फिलहाल प्राधिकरण विकास क्षेत्र में 264 राजस्व ग्राम शामिल हैं। पहले तीनों तहसीलों के 31 गांवों को बीडीए में शामिल करने का प्रस्ताव था, अब इनकी संख्या बढ़ाकर 35 कर दी गई है। आंवला के 14 और सदर तहसील के पांच गांव बीडीए में शामिल करने का प्रस्ताव है। फरीदपुर के 12 गांव बीडीए में शामिल करने का प्रस्ताव था, अब इनकी संख्या 16 कर दी गई है। शासन ने पिछले महीने तीनों तहसीलों से इन गांवों के संबंध में रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद यह प्रक्रिया थम गई थी।

### इन गांवों को बीडीए में शामिल करने का प्रस्ताव

सदर तहसील के गांव लहबरी, भगवतीपुर, कमुआ कलां, नरोत्तमनगला, भीकमपुर माफी, आंवला तहसील के अखा एहतमाली, अखा मुस्तिकल, कोहनी परतापुर, मजनूपुर, रफियाबाद, कैमुआ, सरदार नगर, चाड़पुर, आलमपुर जाफराबाद, नवदिया, बढरई कुइया, मिलक मंशारामपुर, वाहनपुर, फरीदपुर तहसील के गांव दहलऊ ई जेढ़, समोची ई जेढ़, खमरिया ई जेढ़, बाहनपुर, जेड़, मेगीनगला, गौसगंज सराय, नौगवां, उदयपुर मोहनलाल, सरायपट्टी सब्दलपुर, सरकड़ा, इनायतपुर, मकसूदपुर, रसुइया, नेवदिया देहा जब्ती, मटिया नगला को बीडीए में शामिल करने का प्रस्ताव है। बीडीए अफसरों के अनुसार आचार संहिता हटने के बाद अब विभागों से मांगी गई एनओसी पर क्या कार्यवाही हुई है। इसकी प्रगति आंकी जाएगी। एनओसी के बाद उसी दिन कट आफ डेट होगी।

कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल

सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा

फ्री

भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।

ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।

नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री

अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट

किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली

सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

# परामर्श से भी नहीं बन रही बात निराश होकर लौट रहीं महिलाएं

- परामर्श केंद्र पर पहुंचे 16 मामले, सात में सिर्फ एक ही पक्ष पहुंचा

**बरेली, अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित परामर्श केंद्र पर बुधवार को कुल 16 नए पुराने मामलों की फाइलें पहुंची,जिसमें से सात मामलों में केवल एक पक्ष ही केंद्र पर पहुंचा। चार मामलों में दोनों में ही पक्ष नहीं आए। समझौता की उम्मीद खत्म होने पर पांच मामलों को संबंधित थानों को भेज दिया। काउंसलिंग के जरिये भी सुलह न होने पर कई महिलाएं निराश होकर घर लौट गईं।

नवाबगंज की रहने वाली एक महिला ने बताया कि कोविड के समय उनकी शादी पड़ोस के गांव में रहने वाले युवक से हुई थी। उनका चार साल का बच्चा है। आरोप है कि पति ने उन्हें घर से निकाल दिया है। बुधवार को महिला की दूसरी तारीख थी, लेकिन पति और ससुराली यहां नहीं आए। संजय नगर की रहने वाली महिला ने बताया उसकी बेटी की शादी 2019 में हुई। एक साल बाद बेटी पैदा हुई। जिसके बाद से ससुरालियों ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया। परामर्श केंद्र में ससुराली बदसलूकी के लिए माफी मांगने को तैयार नहीं हुए, इसलिए निराश होकर मामले के फाइल बंद करने का अनुरोध किया गया है।

बारादरी थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि उनकी शादी 12 साल पहले हुई थी।पति पंजाब में रहता है और कोई खर्चा नहीं देता है। पति उसे तीन तलाक दे चुका है। पांच बार पुलिस के सामने समझौता कर पति मुकर चुका है। हमें दूसरी तारीख दी गई है,लेकिन मुझे कोई आशा नहीं है कि यहां समस्या का निस्तारण हो पाएगा।

# मुख्य परीक्षा में समय से पहले गोपनीय पत्र जारी करने का शक

## परीक्षा नियंत्रक ने सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को जारी किए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विश्वविद्यालय के सचल दल भी कर रहे हैं छापेमारी

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा में कुछ महाविद्यालयों में समय से पहले गोपनीय पत्र जारी करने की शिकायतें मिली हैं। इससे प्रश्नपत्र लीक होने की आशंका है। विश्वविद्यालय के सचल दल इस मामले में गोपनीय छापेमारी भी कर रहे हैं। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों और नोडल केंद्रों के प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि समय से ही गोपनीय पत्र जारी किए जाएं, नहीं तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

विश्वविद्यालय के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिजनौर के कुछ परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शुरू होने से निर्धारित 30 मिनट की समय सीमा से पहले प्रश्नपत्र खोले जा रहे हैं। इससे पेपर लीक होने की भी आशंका है। इस तरह के विश्वविद्यालय के पास शिकायतें पहुंची हैं। शासन के निर्देश हैं कि परीक्षा से 30 मिनट की समय सीमा से पहले ही गोपनीय पत्राचार खोले जाएंगे। उनके संज्ञान में आया है कि कुछ नोडल केंद्रों पर गोपनीय पत्राचार समय सीमा से पहले ही निर्गत किए जा रहे हैं जोकि शासन के आदेश का उल्लंघन है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक दिशा में समय सीमा में ही गोपनीय पत्र दिए जाएं।

### रुविवि : पीएचडी कोर्स वर्क के फार्म भरने की तिथि बढ़ाई

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने पीएचडी कोर्स वर्क मुख्य परीक्षा के संस्थागत और बैक परीक्षा के फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक परीक्षा फार्म 25 मई तक ऑनलाइन भरे गए थे। शोध निदेशक के अनुरोध पर 6 से 10 जून तक ऑनलाइन फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी गई है।

# फव्वारे और पौधरोपण से वायु प्रदूषण घटाने की तैयारी

- नगर आयुक्त ने वायु प्रदूषण की रोकथाम के कार्यों की कार्यशाला में दी जानकारी

**बरेली, अमृत विचार :** पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर दिल्ली में कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। बताया कि बरेली में एयर क्वलिटी इंडेक्स वर्ष 2022-23 की तुलना में वर्तमान में औसतन ए क्यूआई 85 से 79 रह गया है।

कार्यशाला में उन्होंने कहा कि घटती वायु गुणवत्ता के कारण बरेली को नान अटेनमेंट सिटी की सूची में रखा गया है। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2023 में शहर 6 वें पायदान पर था। वायु प्रदूषण नियत्रंण बोर्ड की सहायता से वित्तीय वर्ष 2023-24 में 33.51 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में 53.58 लाख धनराशि मिल चुकी है। इससे शहर में बढ़ रहे वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए विभिन्न कार्यों कराए गए हैं। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत तपेश्वरनाथ मंदिर के पास 1.5 हेक्टेयर, बनखंडी नाथ मंदिर के पास 2.0 हेक्टेयर पर नगर वाटिका विकसित की जा रही है। 6 मार्गों पर सड़क किनारे पौधरोपण, ग्रिल एवं कर्ब स्टोन के साथ सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया है। 10 मार्गों पर ब्लैक टॉपिंग के साथ पक्की सड़क, टाइल, पौधरोपण के साथ सड़क चौड़ीकरण का कार्य कराया गया है। 5 मुख्य चौराहों पर फाउंटेन लगाए जाने का कार्य किया जा रहा है, जो हवा में उड़ रहे धूल के कण को रोकने में सहायक होंगे। इसके अलावा अन्य कार्य भी कराए जा रहे हैं।

Lifelines OF MEDICAL BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जाँचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
नाक, कान व गला एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय (सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 07:30 बजे से 9 बजे तक
हर मंगलवार फ्री परामर्श रजिस्ट्रेशन ₹ 50/-
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

SRI SUPRABHA GI VENUS NURSING HOME
WE CURE WITH CARE
13 वर्षों का अनुभव
डॉ. सरिता शर्मा
MBBS, (Gold Medalist) DGO
प्रसूति, स्त्री रोग एवं बाँझपन रोग विशेषज्ञ
समय 10 बजे से 3 बजे तक, शाम 6 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सुविधायें • नार्मल डिलीवरी को प्राथमिकता • दवाईयों द्वारा गर्भपात एवं नसबन्दी की सुविधा • दर्द रहित प्रसव की सुविधा • बच्चेदानी की रसौली • माहवारी की समस्यायें • बांझपन का इलाज • गर्भाशय में कैंसर की जाँच एवं प्राथमिक इलाज
सनराईज एन्क्लेव (निकट एलिस ग्रीन बैंकेट हॉल), डोहरा रोड, बरेली
फोन : 0581-7963213, 9568303926

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें। | आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
ADITYA
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
Morning 10 AM-3 PM, Evening 6 PM- 8 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

THE TOOTH LOUNGE
A COMPLTE DENTAL CARE SOLUTION
Regd. No. : 21537
• दाँतों के क्राउन और ब्रिज बनवाना • दाँतों के रंग की फिलिंग करना
• दाँतों का निकालना • दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग
• दाँत एवं बत्तीसी बनवाना • RCT • डिजिटल एक्स-रे
• टेढ़े मेढ़े दाँतों में तार लगाना • डेंटल इम्प्लांट
डॉ. नेहा अग्रवाल
BDS, MIDA (Dental Surgeon)
Mob. : 9870822971
Timing : 11 AM to 3 PM & 5 PM to 8 PM
83, सिविल लाइन्स निकट किप्स हीरो सर्विस सेन्टर, चौपला रोड, बरेली।

### स्कूलों में हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम सभागार में विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित गोष्ठी में नगर आयुक्त शिव कुमार सिंह ने कहा कि हम लगातार पेड़ों को काटकर विकास करने की बात कर रहे हैं, लेकिन पेड़ लगाने की जिम्मेदारी भी हमारी ही है। इस मौके पर शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में प्रतियोगिताएं कराकर छात्रों का चयन कर उन्हें सम्मानित किया। इसमें बेदी इंटरनेशनल स्कूल के देवाशीष चतुर्वेदी एवं दक्षिता वशिष्ठ, दिल्ली पब्लिक स्कूल के मो. अयान, आशिफ शेख, गौरी गुप्ता, राधा माधव पब्लिक स्कूल के अगंत प्रताप सिंह, परिधि चौधरी, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज की अलशिफा, ऐमन, द गुरु स्कूल के प्रखर आर्या, यशस्वी शर्मा, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के चित्रंजन त्यागी, साक्षी गुप्ता, दिवाक ऑबराय, शिवम त्रिवेदी को पौधा एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### बंदरों से बचाव के लिए छत पर लगाया जाल

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल स्थित नर्सिंग छात्रावास की छत पर बंदरों से बचाव के लिए जाल लगा दिया गया है। अब बंदर छत पर रखे पानी के टैंक तक नहीं पहुंच सकेंगे। सोमवार दोपहर बंदरों ने पानी के पाइप तोड़ दिए थे। इससे छात्रावास में पानी की आपूर्ति बंद हो गई और गर्मी में छात्राएं परेशान हो गईं। अमृत विचार ने छात्रावास की इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। मंगलवार को देर शाम तक एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा के आदेश पर अधीनस्थों ने छत पर जाल लगा दिया है।

### तीन दिन के अभियान में 47 आरोपी गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** आईजी डॉ. राकेश सिंह के निर्देश पर पुलिस ने मतगणना से पहले तीन दिन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 47 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान की मॉनिटरिंग संबंधित जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक ने की थी। बरेली पुलिस ने 478 स्थानों को चेक किया। जिसमें 3789 संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करते हुए 137 का चालान किया। सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की। 15 लोगों को गिरफ्तार करते हुए पांच चाकू, 130 ग्राम स्मैक, 32200 रुपये व सट्टा पर्ची बरामद हुई। बदायूं पुलिस ने 347 स्थानों को चेक किया। जिसमें 166 लोगों का चालान किया। पीलीभीत पुलिस ने 389 स्थानों पर चेकिंग कर एमवी एक्ट के तहत 410 चालान किए। शाहजहांपुर पुलिस ने 273 स्थानों पर चेकिंग कर एमवी एक्ट के तहत 296 चालान किए। 12 को गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से पांच तमंचा, नौ कारतूस, चाकू, 80 लीटर अवैध शराब की बरामद की गई। आईजी डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि रेंज में आगे भी इस तरह अभियान चलाकर अपराधियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### आठ को खाद्यान्न के साथ बजरा भी मिलेगा

**बरेली, अमृत विचार :** आठ से 25 जून के बीच खाद्यान्न का वितरण होगा। जिसमें अंत्योदय कार्ड धारकों को 14 किलो गेहूं, 14 किलो चावल व सात किलो बाजरा प्रति कार्ड और पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को एक किलो गेहूं, दो किलो चावल और दो किलो बाजरा का वितरण प्रति यूनिट किया जाएगा। अप्रैल, मई, जून माह की तीन किलो चीनी 18 रुपये प्रति किलो के हिसाब से अंत्योदय कार्ड धारकों को दी जाएगी।बीते दिनों गेहूं व चावल के साथ बजरा का वितरण भी किया जा रहा था। लेकिन बीच में इसके रोक दिया गया। वहीं अब शासन की तरफ से अवशेष बाजरा के वितरण का निर्देश आया है।

### अगस्त्य फिल्म ने दिया पर्यावरण सरंक्षण का मंत्र




**बरेली , अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर इना न्यूट्रीवेदा एवं आईपीए की ओर से बुधवार को आईएमए हाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर दिव्यांग बच्चों को पर्यावरण बिहारी सम्मान से नवाजा गया। सभी को पर्यावरण बचाने के लिए प्रेरित करने वाली फिल्म अगस्त्य दिखाई गई। आयोजन सचिव इना कुलश्रेष्ठ ने बताया कि यह फिल्म दिव्यांग बच्चों पर बनाई गई है। इसे देखने के बाद युवाओं में दिव्यांग बच्चों और पर्यावरण के प्रति सकारात्मक ऊर्जा आएगी। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, मेयर डॉ. उमेश गौतम, बरेली इंटर नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पीलीभीत आस्था अग्रवाल, खेल जगत फाउंडेशन के अध्यक्ष रतन कुमार गुप्ता आदि कार्यक्रम में शामिल हुए। अध्यक्षता वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डा. राजेश अग्रवाल और संचालन सोनाली ने किया।

### नीट में विजडम क्लासेस के छात्रों ने पाई सफलता




**बरेली, अमृत विचार :** पशुपति विहार स्थित विजडम क्लासेस के छात्रों ने नीट में सफलता का परचम लहराया है। छात्र अविनेश गंगवार ने नीट में 685 अंकों के साथ 2538 ऑल इंडिया कैटेगरी रैंक हासिल की है। फजाईल मोहम्मद ने 660, कौशल गंगवार ने 668, बुशरा मिर्जा ने 639, अर्सलान अंसारी ने 633, मो. जफर ने 632, मोहम्मद यूसुफ खान ने 615 अंक प्राप्त किए हैं। इमरान खान ने 3775 और मन्तशा बी ने 1753 ऑल इंडिया कैटेगरी रैंक प्राप्त की है। 25 से 30 छात्रों ने माध्यम अंक पाकर नीट में सफलता प्राप्त की। मैनेजिंग डायरेक्टर इंजीनियर अनवर हुसैन ने इस उपलब्धि का श्रेय संस्थान के शिक्षकों और छात्रों की मेहनत को दिया है ।डायरेक्टर इंजीनियर मोहम्मद फय्यूम, मैनेजर अलकाब हुसैन, मानसी सिंह, शिक्षक सरफराज अंसारी, सतीश गंगवार, राजीव मिश्रा ने सभी छात्रों को बधाई दी है।

### उस्ताद-ए-जमन ट्रस्ट ने किया पौधरोपण



**बरेली, अमृत विचार :** दरगाह उस्तादे जमन ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष नबीरा ए आलाहजरत मौलाना मोहम्मद कैफ रजा खां के नेतृत्व में जगतपुर और कोहाड़ापीर में कैंप लगाकर पौधरोपण किया गया। इस दौरान मुफ्त पौधे और पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने को मिट्टी के बर्तन बांटे गए। हकीम वासिफ रजा, फरमान अंसारी, फैजा रजा, अल्तमश खान, मोहम्मद सरफराज, अमान, हसनैन, अब्दुल कुद्दुस, मौलाना रिहान, हाफिज अब्दुल सत्तार आदि मौजूद रहे।

### बरेली कॉलेज में नीरज मौर्य ने किया पौधरोपण



**बरेली, अमृत विचार :** आंवला के नव निर्वाचित सांसद नीरज मौर्य ने बरेली कॉलेज में डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर, महात्मा गांधी, राममनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पर्यावरण दिवस के मौके पर छात्रों के साथ पौधरोपण किया। कार्यक्रम में बरेली कॉलेज के प्रो. आलोक खरे, प्रो. टीएस चौहान, प्रो. पंकज यादव आदि मौजूद रहे। इस दौरान गौरव सक्सेना, मनोहर सिंह पटेल, बृजेश श्रीवास्तव, हृदेश यादव, मुकेश यादव, करन सिंह, आदेश यादव, विक्रांत पाल, दीपू कुर्मी, गजेंद्र कुर्मी, नीरज कुमार, मंजीत सिंह, सुनील श्रीवास्तव, संजय मेवाती, फरहान आदि मौजूद रहे।

### चित्रों के माध्यम से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**बरेली,अमृत विचार :** रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय में बुधवार को चित्र प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डॉ अनु महाजन,रिसर्च स्कॉलर ममता यादव, छात्राओं में मीनाक्षी भारती ,शिवानी शर्मा ,स्वामी पटेल ,शिवानी शरण सिंह ,संजू ,सपना मौजूद रहीं।

### पर्यावरण को संरक्षित करने की शपथ दिलाई



**बरेली, अमृत विचार :** पिंक सिटी कॉलोनी स्थित डाल्फिन इंटरनेशनल स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया गया। विद्यालय प्रबंधक ऋतु द्विवेदी ने सभी को पर्यावरण संरक्षित करने की शपथ दिलाई। निदेशक अजय श्रीराम द्विवेदी, प्रधानाचार्य मानसी गंगवार , गरिमा सिंह, राजू मौर्य आदि मौजूद रहे।

### तीन महीने में 250 बच्चे डायरिया की चपेट में आए

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में तीन महीने में डायरिया से ग्रसित 250 से अधिक बच्चे भर्ती हो चुके हैं। दो माह से बच्चा वार्ड फुल चल रहा है। अब धीरे धीरे बच्चे स्वस्थ हो रहे हैं। स्वस्थ होने पर 12 बच्चों को सोमवार को डिस्चार्ज कर दिया गया।


डॉ. विजय गंगवार
M.B.B.S., M.S. (Surgery) K.G.M.C. (LKO)
वरिष्ठ लैप्रोस्कोपिक जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ
संचालक
•स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल, बरेली
•मंगलम हॉस्पिटल धनेटा, मीरगंज, बरेली
•मंगल सेवा ट्रस्ट धनेटा, मीरगंज, बरेली
8171557777
आयुष्मान एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क आपरेशन एवं इलाज की सुविधा
स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL & ADVANCE SURGICAL CENTRE
कर्मचारी नगर चौराहा, मिनी बाईपास, बरेली। Mob.: 7055705505
सायंकालीन निःशुल्क OPD सेवा
समय - सायं 6 से 8 बजे तक प्रत्येक सोमवार से शुक्रवार तक
(पेट के जटिल एवं असाध्य रोगी सेवा का अवश्य लाभ लें)
दूरबीन सर्जरी
पित्त की पथरी LAP CHOLE, अपेन्डिक्स, गुर्दे की पथरी PCNL, यूरेटर की पथरी PCCL, प्रोस्टेट एवं ब्लेडर का ट्यूमर TURP & TURBT, हर्निया (TEP), बच्चेदानी की रसौली (TLH) आदि
सामान्य सर्जरी
ANAL FISSURE, FISTULA, हाइड्रोसील, बवासीर ओबरी की गांठ, स्तन की गाँठ आदि
इमरजेन्सी सर्जरी
गोली लगे, चाकू लगे, पेट की चोट, सीने की चोट, आंत में रुकावट एवं अति का फटना, जानवरों के सींग से घायल मरीजों का इलाज एवं ऑपरेशन, जले मरीजों का इलाज आदि
3,000+ सफल पित्त की पथरी के ऑपरेशन
15,000+ अन्य सफल ऑपरेशन
1,00,000+ लाभान्वित बाह्य रोगी (OPD)
13 वर्षों से बरेली सेवा में समर्पित
समस्त ऑपरेशन दूरबीन एवं छोटे चीर द्वारा दर्द रहित तकनीक से
ऑपरेशन के बाद सिर्फ दो बार आने की आवश्यकता है।


# आज लगाएंगे पौधे तो कल वृक्ष बनकर देंगे छांव

## अमृत विचार के पौधा वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए वन मंत्री, कार्यालय पर पौधे बांटकर लोगों को किया जागरूक

**विश्व पर्यावरण दिवस**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** वातावरण में तेजी से बदलाव हो रहा है, रिकॉर्ड तोड़ गर्मी इसका उदाहरण है। पर्यावरण संरक्षित रहेगा, तभी धरती पर मानव का अस्तित्व बना रहेगा। लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस पर अमृत विचार के बरेली स्थित कार्यालय और गांधी उद्यान पर बुधवार को पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अमृत विचार के पौधा वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार शामिल हुए। उन्होंने कार्यालय पर लोगों को पौधों का वितरण किया। साथ ही पौधा रोपकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज आप पौधा लगाएंगे तो कल यही वृक्ष बनकर छांव देंगे।

मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि पर्यावरण हमारे मानव अस्तित्व को बचाए रखने के लिए जरूरी है। वायुमंडल, जल, पेड़ पौधे, वन्यजीव और मानव के लिए पर्यावरण का संरक्षण जरूरी है। हमारे वातावरण में कई प्रकार की गैस सीमित मात्रा में मौजूद है। इनका संतुलन बिगड़ता है तो खामियाजा सभी को भुगतना पड़ता है। लोग बढ़ती गर्मी से परेशान हैं, जिसकी बड़ी वजह पेड़ों का कम होना है। लिहाजा, जरूरी है कि हम पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाएं। लोगों को अपने घरों में, किसानों को अपने खेत की मेड़ पर पेड़ लगाने की जरूरत है। पेड़ ऐसे लगाए जाएं, जिनसे छाया मिल सके। इसमें कोई शक नहीं कि विकास के चलते पेड़ों का कटान हुआ है, लेकिन हर साल बड़ी तादाद में पौधरोपण किया जा रहा है। पिछले साल भी प्रदेश में 35 करोड़ पौधे रोपे गए। पेड़ लगाने से ज्यादा जरूरी है पेड़ों को बचाना। जुलाई महीने में वन महोत्सव के दौरान लोग पौधे लगाएं। कहा कि पेड़ पौधे कार्बन डाई ऑक्साइड लेते हैं और हमें ऑक्सीजन देते हैं। कार्यक्रम में लोगों को फलदार, औषधीय और धार्मिक महत्व वाले पौधों का वितरण किया गया।

इस दौरान अमृत विचार बरेली के संपादकीय प्रभारी नवीन गुप्ता, डीजीएम अनिरुद्ध त्यागी, विपणन प्रबंधक आशीष शर्मा, सिटी प्रभारी विश्वदीपक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



अमृत विचार कार्यालय पर पौधरोपण करते वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार। ● अमृत विचार


अमृत विचार कार्यालय पर पौधा वितरित करते वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दी जन्मदिन की बधाई

वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके जन्मदिन की बधाई दी है। इसके अलावा केंद्र में दोबारा एनडीए में विश्वास जताने के लिए जनता का उन्होंने आभार भी व्यक्त किया। वन मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में प्रदेश आगे बढ़ रहा है।

## कैरी ने परिसर में लगाए 200 पौधे

**बरेली, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान में बुधवार को अमरुद, नींबू, करौंदा, कटहल, आंवला सहित विभिन्न प्रजातियों के 200 पौधे रोपे गए। कार्यवाहक निदेशक डॉ जगबीर सिंह त्यागी ने पर्यावरण के महत्व के बारे में बताया। डॉ. संदीप सरन, डॉ. चंद्र देव, डॉ. सिम्मी तोमर, कैलाश चंद्र, ललित प्रकाश, जयदीप अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण को संरक्षित करने का किया आह्वान

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के तहत विश्व पर्यावरण दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. रामबाबू सिंह ने लोगों से पर्यावरण को संरक्षित करने का आह्वान किया।

डॉ अनूप रंजन मिश्रा ने भी विचार रखे। डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. पवन कुमार सिंह, रजत गौतम, सत्यम, अभिषेक, शशांक, कामिनी, प्रतिमा मौजूद रहीं।

## पोस्टर प्रतियोगिता में रिफत, मुस्कान और उर्वशी ने मारी बाजी

**बरेली, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर मानव सेवा क्लब ने बुधवार को पर्यावरण पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें पचास से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया। प्राइमरी ग्रुप में रिफत फातमा प्रथम और रिद्धि द्वितीय स्थान पर रहीं। जूनियर ग्रुप में मुस्कान प्रथम, प्रीती द्वितीय और मनोरमा राजपूत तृतीय स्थान पर रहीं। अंशिका मौर्य को सांत्वना पुरस्कार से संतोष करना पड़ा है। सीनियर वर्ग में उर्वशी शर्मा प्रथम, सृष्टि गंगवार द्वितीय और अनमता ने तृतीय स्थान पर रहीं। खुशनुमा और नीतू मौर्य को सांत्वना पुरस्कार मिला। मुख्य अतिथि बरेली कालेज के चीफ प्रॉक्टर डॉ. आलोक खरे, विशिष्ट अतिथि रणजीत पांचाले, क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, महासचिव सत्येंद्र सक्सेना, प्रधानाचार्या प्रीति सक्सेना ने विजेताओं को सम्मानित किया। प्रकाश चंद्र सक्सेना, अरुणा सिन्हा, कल्पना सक्सेना, सुनील कुमार शर्मा, अविनाश सक्सेना, राजीव सिटी, निर्भय सक्सेना, इं. एएल.गुप्ता, प्रवीन शर्मा, डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, डा. एमएम अग्रवाल मौजूद रहे।

# अमृत विचार के पौधा वितरण कार्यक्रम को लोगों का मिला साथ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अमृत विचार की ओर से बुधवार सुबह गांधी उद्यान में आयोजित निशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम में लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान पौधे बांटने के साथ लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। लोगों ने इन पौधों के वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी ली।

गांधी उद्यान में टहलने आए लोगों को नीबू, अनार, जामुन, आम, अमरुद, गुलमोहर, नीम, बेलपत्र समेत फलदार, औषधीय, धार्मिक महत्व वाले पौधे वितरित किए गए। पौधे ले जाने वाले लोगों ने संकल्प लिया कि वे इनकी सही ढंग से देखभाल करेंगे। पशु चिकित्सक आकाश गंगवार ने कहा कि हमें वह हर संसाधन पर्यावरण से उपलब्ध होते हैं, जो किसी सजीव प्राणी को जीने के लिए जरूरी है। लिहाजा, इनका संरक्षण बेहद जरूरी है। गुरुकुल नेशनल अकादमी के निदेशक राहुल चौहान ने कहा कि इस बार विश्व पर्यावरण की थीम भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा लचीलापन है।



गांधी उद्यान में अमृत विचार के कार्यक्रम पौधा वितरण कार्यक्रम में शामिल लोग। ● अमृत विचार

- **लोगों ने कहा, जानभागीदारी से ही पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है**
- **गांधी उद्यान में निशुल्क पौधा वितरण कार्यक्रम में लोगों का दिखा उत्साह**

### पेड़ लगाने का संकल्प

पवित्र मेंथ के सीएमडी निहाल सिंह ने कहा कि पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है, लिहाजा इसका संरक्षण जनभागीदारी से ही होगा। मनोज, बब्लू, शफीका, सौरभ यादव, बीना आदि लोगों ने अमृत विचार के कार्यक्रम में शामिल होकर पेड़ लगाने का संकल्प लिया।


सभी को ऐसे पौधे लगाने चाहिए जो अधिक से अधिक ऑक्सीजन दें एवं फलदार हों। हमने तो अपने प्रोजेक्ट का नाम ही मैंगो ट्री अपार्टमेंट रखा है। जिसमें आम के साथ लीची का पेड़ पहले से मौजूद है। भवन संरचना भी इस प्रकार है कि पेड़ों को काटना न पड़े। **–भावेश अग्रवाल,** डायरेक्टर, नंदी हाइट्स


हर वर्ष पांच जून का दिन विश्व भर में पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सभी को पर्यावरण बचाने की शपथ लेनी चाहिए। छोटा पौधा ही एक दिन वृक्ष बनता है जो समाज के लिए फलदायी साबित होता है। **–अरविंद कुमार,** डायरेक्टर, एमविएंस कूलिंग


आज हम सभी मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस मना रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण दिन है, जो हमें हमारे प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को समझने के लिए जागरूक करता है। हमें यह समझना होगा कि हमारी प्रकृति हमारे सुरक्षित और स्वस्थ जीवन के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। **–डॉ. पुलकित अग्रवाल**


विश्व पर्यावरण दिवस एक अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है। हमें यह समझना होगा कि जब तक हम पेड़ नहीं लगाएंगे तब तक पर्यावरण को संरक्षित नहीं कर पाएंगे। अमृत विचार ने जो पौधा वितरण कार्यक्रम किया है, मैं ऐसे कार्य की सराहना करता हूं। **–रवि अग्रवाल,** निदेशक जीएम फार्मेसी



## साइक्लोथॉन के जरिए दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर मंडल के रेलवे स्टेशनों पर मिशन लाइफ के तहत तीन मई से चलाए जा रहे स्वच्छता जागरूकता अभियान का विश्व पर्यावरण दिवस पर समापन किया गया। इस मौके पर रेलवे स्पोर्ट्स स्टेडियम इज्जतनगर साइक्लोथॉन का आयोजन कर पौधरोपण किया गया, जिसमें मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव समेत तमाम रेल कर्मी और स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। इस दौरान डीआरएम ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इससे पहले उन्होंने साइक्लोथॉन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद रेलवे स्पोर्ट्स स्टेडियम के परिसर में पौधे रोपे गए। साइक्लोथॉन का रेलवे स्टेडियम में समापन हुआ। एडीआरएम राजीव अग्रवाल, सीएमएस अर्नब नाग, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

## सफाई कर्मचारी संघ ने सीडीओ और डीपीआरओ को भेंट किए पौधे

**बरेली, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राम लाल कश्यप के नेतृत्व में शिष्ट मंडल ने सीडीओ जगप्रवेश, डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार को पौधे भेंट किए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस बार भी संगठन बरसात शुरू होते 1100 पौधे लगाने का कार्य करेगा। मंडल अध्यक्ष रविंद्र कश्यप, जिला महामंत्री महेश चंद्र वाल्मीकि, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रनवीर सिंह पटेल, संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## पौधरोपण कर किया जागरूक

**बरेली, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बुधवार को डिप्टी सीएमओ डा. पवन कपाही, डा. पारस आदि के साथ कार्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं, जिला अस्पताल स्थित हर्बल गार्डन में एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा, लिपिक संदीप सक्सेना, प्रधान सहायक निर्देश पाल सिंह आदि ने पौधे रोपे। जिला महिला अस्पताल में सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने पार्क में पौधे लगाकर कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।


जिला अस्पताल में पौधरोपण करतीं एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा।

# प्लास्टिक का बहिष्कार कर पर्यावरण को संरक्षित करें

**बरेली, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी और फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में बुधवार को कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के असिस्टेंट प्रो. अंकित कुमार ने कहा कि हम अपनी छोटी-छोटी आदतों को बदलकर पर्यावरण को संरक्षित कर सकते हैं, जैसे कि प्लास्टिक का कम उपयोग करना, पौधरोपण करना, ऊर्जा की बचत और जल संरक्षण करना।

मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. पुष्पेंद्र कन्नौजिया ने सभी को पर्यावरण को बचाने के लिए प्रेरित किया। फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस के छात्र अमन सैफी और बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्र अटल ओझा और अनिल ने भी विचार रखे। एसोसिएट प्रोफेसर बबीता शर्मा ने सभी को पर्यावरण को सुरक्षित रखने की शपथ दिलाई। इस दौरान बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने सभी को बधाई दी और भविष्य में ऐसे कार्यक्रम करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर स्वर्णिमा सिंह, मुस्कान मलिक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



पर्यावरण दिवस पर बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी में कार्यक्रम में शामिल डॉक्टर और विद्यार्थी।


अमृत विचार
सूचना
प्रिय पाठक,
यदि आपका अपना प्रिय अखबार "अमृत विचार" मिलने या शुरू करने में कोई असुविधा हो रही हो तो निम्न नम्बर पर हमें सम्पर्क करें।
मो. : 9149383028, 8171573817
8218557116, 9627606999, 7017495144
9410632807
पढ़ते रहिये "अमृत विचार" सिर्फ ₹ 5/-




## सार-संक्षेप

### पुलिस लाइन में अधिकारियों ने किया पौधरोपण




**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में आईजी डॉ. राकेश सिंह, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने पौधरोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस मौके पर आईजी ने कहा कि मछली के लिए जितना जरूरी पानी होता है, वैसे ही इंसान के लिए उतने ही जरूरी पौधे होते हैं। एसपी सिटी राहुल भाटी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### डीएम ने पौधे बांटकर भूमि बचाओ का दिया नारा



**बरेली, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय में पौधा वितरण, प्याऊ और हस्ताक्षर अभियान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और मुख्य वन संरक्षक रुहेलखंड जोन विजय सिंह विशेष रूप से पहुंचे। प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भंडारी और जिलाधिकारी ने पक्षियों को पानी पिलाने के के लिए मिट्टी के बर्तन वितरित किए। वहीं पानी बचाओ भूमि बचाओ का नारा भी दिया गया। कार्यक्रम में गंगा समग्र संस्था व आईएमए के सदस्यों ने भी हिस्सा लिया। मुख्य वन संरक्षक व प्रभागीय वनाधिकारी ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की अपील की। एसडीओ अपूर्वा पांडेय, बरेली सिटी रेंजर हरीश मेहता, गीता सिंह, विनीता खंडेलवाल, मंजू सक्सेना, कीर्ति शर्मा, पुष्पांजलि शर्मा, सोमेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह, विवेक पटेल, अरविंद मौर्य, कुलदीप गौड़, ज्योति टंडन मौजूद रहीं।

### प्रो.वसीम बरेलवी ने पौधरोपण कर पर्यावरण दिवस मनाया



**बरेली, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय शायर प्रो. वसीम बरेलवी ने अमेरिका से आए पुत्र मौज्जिम वसीम और दोनों पौत्रों के साथ बुधवार को फूटा दरवाजा स्थित आवास पर पौधे लगाकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस दौरान उन्होंने विश्व में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग को पौधरोपण के माध्यम से रोकने के लिए अपील की। समाजसेवी सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, इतिहासकार रणजीत पांचाले आदि मौजूद रहे।

### पौधरोपण से होगा सिमटते जंगलों की समस्या का समाधान




**बरेली, अमृत विचार :** इन्वर्टिस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं मेयर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि दुनिया में बेतहाशा बढ़ती गर्मी और बिगड़ता मौसम का मिजाज एक वैश्विक समस्या है। जंगलों का सिमटता दायरा इसकी सबसे बड़ी वजह है। पौधरोपण कर जंगलों के विस्तार को बढ़ाने की आवश्यकता है। यह बातें उन्होंने बुधवार को विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि पौधरोपण से ही सिमटते जंगलों की वैश्विक समस्या का समाधान हो सकता है। कार्यकारी निदेशक पार्थ गौतम ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। कुलपति प्रो. वाईडीएस आर्या ने भी विचार रखे। कुलसचिव संतोष कुमार, प्रो. केके दुबे, प्रो. एसएस त्रिपाठी, प्रो. पीपी सिंह, प्रो. आरके शुक्ला, प्रो. रीना जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### राजकीय पौधशाला में किया पौधरोपण



**बरेली, अमृत विचार :** जिला उद्यान कार्यालय की ओर से बुधवार को राजकीय पौधशाला में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया गया। जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक ने लोगों को पौधरोपण के प्रति जागरूक किया। कार्यालय परिसर में छायादार और फलदार पौधे रोपे गए।

### अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने किया पौधरोपण



**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने बुधवार को गांधी उद्यान में अशोक, नीबू, गुलाब, नीम आदि के पौधे रोपे। इस दौरान इन पौधों की देखभाल का संकल्प भी लिया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव त्रिवेदी ने कविता सुनाई। मंडल महामंत्री विशाल शर्मा, जिलाध्यक्ष अरुण शुक्ला, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रवीन भारद्वाज, विशाल शर्मा, महामंत्री मुकेश पांडे, पंकज उपाध्याय, शिवम शुक्ला, आलोक शंखधार आदि मौजूद रहे।

### पोस्टर मेकिंग में धनीषा और फोटोग्राफी में डॉ. प्रदीप विजेता



**बरेली, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान इज्जतनगर में बुधवार को पौधरोपण के साथ कई प्रतियोगिताएं हुईं। पोस्टर मेकिंग में धनीषा, फोटोग्राफी में डॉ. प्रदीप विजेता रहे। आइडियाज हैकाथॉन में बीवीएससी तृतीय वर्ष के छात्र चंदन कुमार और मोहम्मद याह्या ने बाजी मारी। संस्थान के मिनेट हाउस में संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) डॉ. एसके मेंदीरत्ता ने मुख्य छात्रावास वार्डन डॉ. प्रवीण सिंह आदि के साथ पौधरोपण किया। ग्रीन एंड क्लीन आईवीआरआई और वेस्ट टू वेल्थ विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। संयुक्त निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. रूपसी तिवारी, छात्र कल्याण अधिकारी डॉ. एसके साहा, डॉ. हिमानी धांजे, डॉ. असित दास, डॉ. सुमन तालुकदार, डॉ. अशोक, डॉ. अनीशा, डॉ. अयोन आदि मौजूद रहे।

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693
9837338306

## गाली-गलौज करने का विरोध पर महिला को पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** शराब पीकर गाली-गलौज कर रहे देवरों ने विरोध करने पर भाभी की पिटाई कर दी। उसे बचाने आए पति की भी पिटाई की। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जोगी नवादा निवासी अर्जुन राठौर ने बताया कि मंगलवार को छोटे भाई करन, शिवम, तान्या नशे में गाली गलौज कर रहे थे। विरोध करने पत्नी और उन्हें पीटा।

नर्सिंग एवं डॉक्टरी में है अधिक है रोगजार
B.A.M.S.
B.Sc. Nursing
महेन्द्र गायत्री ग्रुप ऑफ कॉलेज
धन्वन्तरी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज
रहपुरा रोड, फतेहगंज पश्चिमी, बरेली
Mob.: 9410405769, 7599203105
● A.N.M. ● G.N.M.
● D. PHARMA ● D.P.T.
● D.OPT. ● DIPLOMA O.T.
Clinical Training
★ महेन्द्र गायत्री सुपर स्पेसियेलिटी हॉस्पिटल, बरेली
★ महाराणा प्रताप संयुक्त जिला अस्पताल, बरेली

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)






## स्मार्ट सिटी में हरियाली की बर्बादी

यह तस्वीर नगर निगम कार्यालय के बाहर लगाई गई हरियाली की है। कुछ माह पहले लाखों रुपये खर्च कर इसे तैयार किया गया था, स्मार्ट सिटी के नाम से लोगो भी बनाया गया था, लेकिन अनदेखी के चलते यह सूख गई है। नगर निगम का ध्यान इस ओर नहीं है। जबकि विश्व पर्यावरण दिवस पर हरियाली फैलाने के दावे किए जा रहे हैं।

● मोहित कुमार सिंह

# प्रधान की हत्या में तीन को उम्रकैद

### कोर्ट ने 5-5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया, तीन वर्ष पहले हुई थी वारदात

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** तीन वर्ष पूर्व ग्राम प्रधान नरेन्द्र गंगवार की हत्या के मामले में भोजीपुरा ग्राम बिबियापुर कायस्थान निवासी अंकित गंगवार, वीरेन्द्र कुमार और नरपत को दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश पशुपति नाथ मिश्रा ने आजीवन कारावास और प्रत्येक को 5-5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

सरकारी वकील आशुतोष दुबे ने बताया कि 19 अप्रैल 2021 को भोजीपुरा ग्राम बिबियापुर में हथियारों से लैस आरोपियों ने प्रधान नरेन्द्र गंगवार पर फायर किए, जिससे वह खेत में गिर गए। आरोपियों के हमले में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परीक्षण में तीन अन्य आरोपियों तेजेन्द्र, प्रेम सिंह और धर्मवीर को कोर्ट ने बरी कर दिया।

## युवक की हत्या में महिला को उम्रकैद

विधि संवाददाता, बरेली

● **लेनदेन को लेकर चल रहा था विवाद**

**अमृत विचार :** पैसे के लेन-देन के विवाद में युवक को घर बुलाकर हत्या करने की आरोपी फरीदपुर मोहल्ला भूरे खां की गौटिया निवासी गुरप्रीत कौर को दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश हरेन्द्र बहादुर सिंह ने आजीवन कारावास और कुल 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील रीतराम राजपूत ने बताया कि मुकुलराज सिंह ने थाना फरीदपुर में 14 मार्च 2017 को तहरीर देकर बताया कि उसका भाई अतुलराज सिंह उर्फ पप्पू सिंह भुता के बुधौली का रहने वाला था। भाई ने ग्राम कटरा पट्टी स्थित झाले की रहने वाली गुरप्रीत कौर 8 लाख रुपये उधार दिए थे। उनका भाई एक साल से रुपये वापस मांग रहा था। रुपये देने में आनाकानी करने पर भाई और गुरप्रीत के बीच कई बार झगड़ा हो चुका था। दोपहर 12 बजे अतुलराज यह कहकर फरीदपुर आया था कि गुरप्रीत ने पैसे के हिसाब के लिए अपने घर भूरे खां गौटिया बुलाया है। शाम 8:30 बजे सूचना मिली कि गुरप्रीत के मकान पर भाई की हत्या कर दी गई है। रुपये के लेन-देन के चक्कर में भाई की गुरप्रीत ने हत्या कर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। शासकीय अधिवक्ता ने ने मामले में नौ गवाह पेश किए थे।

## शादी का झांसा देकर चार साल तक दुष्कर्म करने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** एक महिला ने पति की मौत के बाद देवर पर चार साल तक शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला ने बुधवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की है।

किला क्षेत्र की रहने वाली महिला के मुताबिक वर्ष 2019 में उसके पति की मौत हो गई थी। आरोप है कि देवर ने घर में अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब इसकी शिकायत सास से की तो सास ने उसे परिवार की बदनामी का हवाला देकर शांत कर दिया और जबरन देवर से उसकी मांग में सिंदूर भरवा दिया। उसका देवर पहले से शादीशुदा था। पत्नी से तलाक होने के बाद वह उससे शादी करने की बात करता रहा, लेकिन शादी नहीं की। दुष्कर्म का विरोध करने पर उसके बच्चों को जायदाद से बेदखल करने की धमकी दी जाने लगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से किशोरी की मौत, गोद से छिटककर दूर जा गिरी बच्ची

**सीबीगंज, अमृत विचार :** रिश्तेदारी में आई एक किशोरी की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जबकि उसकी गोद में जो बच्ची थी, वह छिटककर दूर जा गिरी। उसे मामूली चोट आई है।

शीशगढ़ निवासी महिपाल पाली की 10 वर्षीया बेटी दिव्या गांव नदोसी में फूफा चेतराम के घर आई थी। बुधवार दोपहर वह एक बच्ची को खिलाते हुए रेलवे लाइन पार कर रही थी। उसका ध्यान बच्ची की तरफ था। इसी दौरान ट्रेक पर ट्रेन आ गई, जिसकी चपेट में आकर उसकी मौके पर मौत हो गई। जबकि उसके गोद में मौजूद बच्ची छिटककर दूर जा गिरी। जिससे उसके हल्की चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची परसाखेड़ा चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# बुजुर्ग महिला से लूटपाट करने वाला बदमाश मुठभेड़ में गोली लगने से जख्मी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **दरोगा भी बाल-बाल बचे आरोपी को किया गिरफ्तार**

● **इज्जतनगर में केंद्रीय विद्यालय के पास देर रात हुई मुठभेड़**

**अमृत विचार :** इज्जतनगर में ब्रेड कारोबारी बुजुर्ग महिला के साथ घर में घुसकर लूटपाट करने वाले एक बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। बदमाश के घुटने के पास गोली लगी है। जबकि दूसरा बदमाश मौका पाकर फरार हो गया।

सौ फुटा रोड पर मिथिलापुरी कालोनी में 65 वर्षीय अवधेश अकेले रहती हैं। उनके पति का निधन हो चुका है। छह दिन पहले दो बदमाशों ने घर में घुसकर उन्हें बंधक बना लिया। हाथ-पैर बांधकर सोने की चेन, कुंडल और दस हजार रुपये लूट लिए। विरोध करने पर उनके चेहरे पर ईंट मारकर घायल कर दिया। बाद में बदमाश अवधेश को कमरे में बंद कर भाग गए। किसी तरह से उन्होंने दरवाजा खुलवाया। घटना का पता चलने के बाद पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई। आस-पास के सीसीटीवी फुटेज देखने पर दो बदमाश दिखाई दिए। इनमें एक बदमाश के लंबे बाल थे। पुलिस ने फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर ली। इसके बाद उनकी तलाश में जुट गई।



घायल बदमाश को ले जाती पुलिस।

बुधवार रात करीब दस बजे इज्जतनगर पुलिस को पता चला कि लूटपाट करने वाले दोनों बदमाश सिद्धार्थ नगर में केंद्रीय विद्यालय के पास से स्कूटी से गुजर रहे हैं। सूचना पर दरोगा मुकेश चौहान व सिपाही संदीप सिंह मौके पर पहुंच गए। दरोगा ने बदमाशों को रुकने के लिए कहा तो इनमें से एक ने गोली चला दी जो उनके कान से छूते हुए निकल गई। जवाब में पुलिस ने गोली चलाई, जो एक आरोपी के पैर में घुटने से नीचे लगी। गोली लगते ही वह गिर गया। पुलिस ने घायल को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए बदमाश की पहचान फैजान उर्फ लकी निवासी मौलानगर के रूप में हुई है। जबकि फरार आरोपी संजय नगर का रहने वाला अमर सिंह है। फैजान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इज्जत नगर थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

## लोकसभा चुनाव के नतीजों से गदगद कांग्रेस का दावा, आने वाला कल इंडिया गठबंधन का होगा




**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद महानगर कांग्रेस कार्यालय पर बुधवार को बैठक हुई, जिसमें महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने इंडिया गठबंधन की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि आने वाला कल इंडिया गठबंधन का होगा। महेश पंडित, योगेश जौहरी, नवाब मुजाहिद हसन, अनिल देव शर्मा, सुरेंद्र सोनकर एडवोकेट, मसूद अली पीरजादा, सर्वत हुसैन हाशमी, फिरोज खान, हाजी सुलतान आदि मौजूद रहे।

## छत्रपाल गंगवार की जीत पर मनाई खुशी



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली लोकसभा सीट पर छत्रपाल गंगवार और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की जीत पर स्वालेनगर में बुधवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने खुशी जाहिर की। इस दौरान भाजपा समर्थक मंच युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मोदी मित्र अभियान के सह संयोजक शानू काजमी, अरशद हुसैन, अरबाज खान जफर खान, नूर हसन, शारिक अब्बासी, जफर खान, नाहिद बेग, राहुल आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श नि:शुल्क
डायबिटीज पित्त की पथरी गुर्दे की पथरी को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136

## मेडिकल स्टोर संचालक ने दी जान

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर के रविंद्रनगर में मेडिकल स्टोर संचालक फंदे से लटक गया। परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविंद्र नगर निवासी अशोक पाल सिंह का बेटा विश्व परमार (28) का बिहारीपुर में मेडिकल स्टोर है। नवंबर 2023 में उसकी शादी चांदनी से हुई थी। मंगलवार रात मेडिकल स्टोर से लौटने के बाद विश्व परमार अपने कमरे में चला गया और फंदे पर लटक गया। इसी दौरान कुछ आवाज होने पर उसका भाई राहुल अंदर कमरे में गया। भाई को फंदे पर लटका देखकर उतारा और अस्पताल ले कर गए यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पारिवारिक कलह के चलते आत्महत्या की बात सामने आ रही है। हालांकि परिवार के लोग इस मामले में कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।

## पत्नी को पीटकर घर से निकाला

**बरेली, अमृत विचार :** दहेज न मिलने से नाराज युवक ने पत्नी को पीटकर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सुभाषनगर थाना क्षेत्र के पटेल विहार निवासी प्रिया की शादी 2020 में आकाश चौहान से हुई थी। विवाह के कुछ समय बाद ससुराल वाले दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। मंगलवार को पति और ससुरालियों ने उसे पीटकर घर से निकाल दिया।

## सार-संक्षेप

### विश्व पर्यावरण दिवस पर चलाया सफाई अभियान

**नवाबगंज, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की विकासार्थ विद्यार्थी गतिविधि और नगर परिषद के संयुक्त बैनर तले विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस मौके पर दोनों टीमों ने कचरे से पटती जा रही पनघैली नदी से कचड़ा समेत जलकुंभी निकाली। टीम में इकाई के प्रांत संयोजक गौरव राठौर भी मौजूद रहे।

### बिशारतगंज चेयरमैन ने किया पौधरोपण

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** नगर पंचायत कार्यालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस पर चेयरमैन मो. ताज उर्फ लाल मियां कुरैशी और वन विभाग के क्षत्रिय उप वन अधिकारी अवनीश कुमार गंगवार अलीगंज, आंवला रेंज की ओर से पौधरोपण किया गया। कंजी,पीपल, और अर्जुन के पौधे लगाए गए। चेयरमैन ने कर्मचारियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने की सलाह दी गई। इस मौके पर नगर पंचायत एवं वन विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह -जगह रोपे पौधे

**बहेड़ी, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह- जगह पौधरोपण अभियान चलाया गया। पालिका परिषद में अध्यक्ष रश्मि जायसवाल ने कई पौधे रोपकर संरक्षण का वचन दिया। कार्यक्रम में ईओ वीरेंद्र प्रताप सिंह और अन्य कर्मचारियों का भी सहयोग रहा। केसर शुगर मिल में हार्टिकल्चर विभाग के अधिकारी आनंद शुक्ला की अगुवाई में पौधरोपण किया गया। इस दौरान मिल के सभी अधिकारी मौजूद रहे। वन विभाग की ओर से रेंजर वैभव चौधरी की देखरेख में बाईपास, नैनीताल रोड, नदेली रोड पर पौधे रोपित किए गए। रेंजर ने बताया कि बुधवार से शुरू हुए अभियान के तहत देवरनियां से लेकर उत्तराखंड बार्डर स्थित टोल प्लाजा तक पौधारोपण लगातार जारी रहेगा। साथ ही उन्हें सूखने से बचाने के लिए सार्थक प्रयास किए जाएंगे।

### सुरक्षित जीवन के लिए पौधरोपण जरूरी

**शेरगढ़, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। बीडीओ सीपी पांडेय ने कहा कि वृक्ष हमारा जीवन हैं जिन्हें सुरक्षित और संरक्षित किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि वृक्षों का मानव जीवन में बहुत बड़ा महत्व है वहीं धरा को हरा-भरा बनाए रखने एवं सुरक्षित जीवन के लिए पौधारोपण किया जाना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में लोगों को बढ़-चढ़कर भागीदारी करानी चाहिए। इस मौके पर एडीओ पंचायत राजीव शर्मा, डॉ. कल्याण राय श्रीवास्तव,जसोदा देवी,उमेश चौहान,देवकी देवी,संदेश कुमार,सरोज कुमारी,कमला देवी समेत अन्य मौजूद रहे।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

**देवरनियां, अमृत विचार :** आला हजरत डिग्री कॉलेज के अध्यक्ष हाफिज इकराम रजा खां के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से पृथ्वी को स्वच्छ एवं हरा भरा रखने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस पर संस्था पदाधिकारियों के साथ मिलकर कॉलेज के परिसर में फलदार छायादार पौधे लगाकर लोगों को जागरूक किया। रिजवान रजा खान ने बताया कि पर्यावरण और मानव का संबंध बहुत ही घनिष्ठ है। क्योंकि हमारे स्वस्थ जीवन के लिए पृथ्वी ग्रह पर स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण की महत्वपूर्ण भूमिका है। क्योंकि हम सभी का भोजन हवा पानी सहित अनेक जरूरतें पर्यावरण पर ही निर्भर करती है। इस दौरान सुनैन खान, डॉ. मोहम्मद साकिब और प्रधानाचार्य गुहैव खान मुकेश कुमार, लक्ष्मी शर्मा, मिस रुमा, नीरज सक्सेना समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### पौधे लगाकर लिया सुरक्षा करने का संकल्प

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विभाग ने पौधे लगाकर लोगों से प्रकृति को बचाने का आह्वान किया। लोगों से सुरक्षित जीवन और पर्यावरण संतुलन के लिए पौधे लगाने और उनकी देखरेख करने की अपील की गई। वन विभाग द्वारा फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्रीय वन अधिकारी मीरगंज संतोष कुमार सिंह नेतृत्व में कर्मचारियों ने टोल प्लाजा के पास नीम, पीपल,बरगद,जामुन का पौधरोपण किया गया सभी के सुरक्षा के लिए टीगार्ड लगाए गए है। इस मौके पर वन दरोगा अमित शर्मा,फराज नदीम वनरक्षक छेदालाल सुनील कुमार समेत अन्य रहे।

### कैंट के गरुड़ कैंटीन परिसर में रोपे गए 21 पौधे

**कैंट, अमृत विचार :** सैन्य क्षेत्र स्थित गरुड़ कैंटीन परिसर में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस मौके पर लेफ्टिनेंट करनल और कैंटीन अधिकारी सुधीर प्रकाश ने पर्यावरण संरक्षण के विषय में चर्चा की गई, इसके साथ ही मौजूद लोगों को पर्यावरण का महत्व समझाया गया। कैंटीन परिसर में सामूहिक रूप से 21 पौधे रोपे गए। इसके साथ ही लोगों को पौधे वितरित किए गए। इस मौके पर एसके सूरी, कैंटीन प्रबंधक गंगा सिंह दानू समेत अन्य मौजूद रहे।

### रिठौरा चेयरमैन ने जनता से पौधे लगाने की अपील की

**रिठौरा, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को नगर पंचायत रिठौरा की चेयरमैन शकुंतला देवी और उनके पति धनपाल सिंह ने नगर पंचायत कार्यालय परिसर में बने हर्बल पार्क एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण किया। इस मौके पर चेयरमैन ने नगर की जनता से जीवन के लिए महत्वपूर्ण पर्यावरण के विषय में जागरूक करते हुए सभी से घर आंगन,खेत, खलियान स्कूल, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा परिसर में फल फूल छायादार पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने की अपील की।

### पौधरोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**आंवला, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर भुर्जी टोला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से पौधरोपण किया गया। इस दौरान प्रहलाद, गोपाल, सत्यवीर, गौरवित, विकास, सुरेश, माधव, सत्यपाल, राजेंद्र, गवेंद्र, विपिन, सरनाम, नन्हे लाल, सर्वेंदु आदि मौजूद रहे। डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय में शिक्षकों और छात्रों ने पौधरोपण किया। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एम पी सिंह, सचिन अग्रवाल, अर्चना पांडेय आदि स्टाफ मौजूद रहा। एफयू. स्कूल में पर्यावरण दिवस पर बच्चों ने पौधे वितरण किए और पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने की अपील की। बच्चों ने एसबीआई, सीओ, थाना, आदि स्थानों पर लोगों को पौधे वितरित किए। इस दौरान प्रधानाचार्य सीमा रजा, शैला नाज, मो. जीशान, मो. अर्शी, नफीस और बच्चों में सालिम, अबीर हुसैन, सफुरा, इब्राहिम, वानिया, कशफ, उमैमा आदि शामिल रहे।

### डीबीओएल मिल परिसर में रोपे गए फलदार पौधे

**मीरगंज, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड की इकाई मीरगंज में प्रबंधन ने मिल परिसर में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर इकाई प्रमुख संजय श्रीवास्तव ने "वृक्ष धरा के भूषण हैं करते दूर प्रदूषण हैं" की पंक्ति के साथ शुरुआत करते हुए बताया की वर्तमान समय में वृक्षों को लगाना और हमारे परिवार व समाज को सुरक्षित बनाना बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस मौके पर अरविंद गंगवार, आजाद सिंह, रवि गुप्ता, जय गोपाल चावला, समोद सिंह समेत अन्य रहे।

### इफको में पर्यावरण सप्ताह का आरंभ

**आंवला, अमृत विचार :** इफको की आंवला इकाई में पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण सप्ताह शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन इफको वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक राकेश पुरी ने पौधरोपण कर किया। बुधवार को नैनो यूरिया (तरल) उर्वरक संयंत्र परिसर में बड़ी संख्या में पौधे लगाए गए। सप्ताह भर में इफको प्लांट और टाउनशिप में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें। जिनमें जल की बर्बादी, संकट में आबादी विषय पर निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता, प्रदूषण मुक्त वातावरण के लिए पैदल एवं साइकिल रैली, पॉलीथीन मुक्त सब्जी मंडी एवं इफको टाउनशिप में जागरूकता रैली का आयोजन शामिल है। इस दौरान वरिष्ठ महाप्रबंधक एस सी गुप्ता, सत्यजीत प्रधान, प्रदीप शर्मा, अमित गुप्ता, नीरज राजेश, हीरा लाल, अरविंद कुमार, ए एस चौहान, अजय वाजपेई, सुदामा यादव, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### नीट में राज को मिली सफलता

**बरसेर, अमृत विचार :** हरदासपुर निवासी राज शर्मा ने नीट में 690 अंक प्राप्त कर गांव और तहसील का नाम रोशन किया है। रामनगर के गांव हरदासपुर निवासी हरीबाबू शर्मा का सपना था कि उनका पोता डॉक्टर बनें, राज शर्मा ने कोटा में तैयारी करके नीट में अच्छे अंक लाने में सफलता हासिल की उसे एम्स में पढ़ाई का मौका मिला है। राज शर्मा की सफलता पर पूर्व विधायक राजेश मिश्रा ने आशीर्वाद दिया। इस मौके पर दिनेश शर्मा, अजयपाल सिंह यादव,प्रशान्त शर्मा, शंकर लाल, मनोज शर्मा, अन्नू शंखधार, देवेंद्र मौर्य आदि रहे।

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थेरेपी
हकलाना/तुतलाना आटिज्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

# एक ही रात में पांच घरों में चोरों का धावा

## घर वाले सोते रह गए, लाखों की नकदी और गहने समेट ले गए चोर

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार :** चोरों ने एक ही रात पांच घरों से नकदी, जेवर समेत अन्य कीमती सामान समेट ले गए। हैरानी की बात है कि किसी भी घर में परिवार के लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी। सभी को सुबह ही चोरी का पता चला। फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव टिटौली में मंगलवार रात पांच घरों में अलग -अलग समय चोरी हुई। बदमाशों ने लाखों रुपये के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए।

ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन पहले गांव के ही शराफत के घर में टीन उठाकर घुस गए लेकिन कमरे में कुछ नही था।तो उनके हाथ कुछ नही लगा और चले गए। सराफत अपने बच्चो के साथ जयपुर में कार चोबी



दीवार तोड़कर घर में घुसे चोर।

का काम करते है। उनकी मां और बेटी घर अकेली रहती है।वह घर के बाहर सो रही थी। पीड़ितों ने सुबह घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों में को देखा है उसमें कुछ संदिग्ध कैद हो गए है, जिनकी फुटैज लेकर पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने पीड़ितों को शीघ्र ही घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

**घर वालों को सुबह हुई चोरी की जानकारी**

- टिटौली निवासी असरफ बच्चों के साथ रिश्तेदारी में गया था, घर बंद था। चोर खिड़की के रास्ते घर मे घुसे और कमरे में रखा संदूक और अलमारी में रखे डेढ़ लाख रुपये नकद और 6 तोला सोना चुरा ले गए। सुबह जब वह लौटा तो उसे चोरी की जानकारी हुई।
- टिटौली के ही लालशाह के घर में घुसे चोरों ने पूरे घर को खंगाला, क्योंकि परिवार वाले बाहर सो रहे थे। उसकी बेटी ससुराल से घर आई हुई थी, उसकी 1 सोने की अंगूठी, 1 टॉप समेत अन्य जेवर, 5 हजार नकद रुपये कपड़ो से भरा बैग चुरा ले गए।
- चोरों ने इसी गांव के ही आरिफ शाह के घर के पीछे लगे लिप्टिस के पेड़ पर चढ़कर छत पर लगा बल्ब हटा दिया और पीछे से नकब लगाकर जेवर और 10 हजार रुपये नगद चुरा ले गये। आरिफ की पत्नी मायके गई हुई थी। बाकी सभी लोग गर्मी की वजह से बहार सो रहे थे। कमरे में ताला पड़ा हुआ था।
- इसी तरह यासीन के घर के पीछे से नकब लगाकर घर में घुसे चोरों ने सारा कीमती सामान समेट लिया। यहां तक कि बाल्टी में भरे चावल को भी उठा ले गए। घर पर सिर्फ महिलाएं थी।
- इसी गांव मे नन्हे लाल गंगवार के घर में भी चोरों ने नकब लगा दिया। तब तक सामने रहे रहे प्रधान का नाती सुमित जाग गया। उसे देखकर वह लोग भाग गए। नहीं तो उनके घर का भी सारा सामान चोरी हो जाता।

### किसान के घर के बाहर से भैंस चोरी

**भमोरा, अमृत विचार :** पुलिस की लापरवाह पूर्ण कार्यशैली की वजह से क्षेत्र में भैंस चोरों के हौसले बुलंद है, वह लगातार पशुपालकों की भैंसें चुरा रहे हैं। ग्राम हर्रामपुर निवासी बिहारी मौर्य ने बताया मंगलवार रात घर के बाहर भैंस बंधी थी, पास में ही वह चारपाई पर सो रहा था। देर रात चोरों ने उसकी 70 हजार कीमत की भैंस चोरी कर ली। सुबह देखा भैंस गायब थी खोजने पता नहीं चला थाना पुलिस को तहरीर दे कार्रवाई की मांग की। ग्राम नथागोटिया निवासी प्रेमपाल ने बताया उसकी दो भैंसे पशु शाला में बंधी थी मंगलवार रात चोर दोनों को खोल ले गए, जिनकी कीमत लगभग 1 लाख 40 हजार है। प्रेमपाल ने बताया की एक दिन पूर्व पड़ोसी गांव के युवक भैंसे खरीदने आए थे आशंका है कि इन युवकों ने चोरी की है।

## पशुओं का झुंड आने से लगाए इमरजेंसी ब्रेक, इंजन से अलग हुई मालगाड़ी

**आंवला, अमृत विचार :** आंवला से चंदौसी रुट पर जा रही एक मालगाड़ी के आगे अचानक गोवंशीय पशुओं का झुंड आ गया। चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी रोक ली। इसी बीच इंजन और गाड़ी अलग-अलग हो गई। इंजन गाड़ी को छोड़कर करीब सौ मीटर आगे निकल गया।

चालक को इंजन अलग होने का अहसास होने पर उसने गाड़ी को पुनः इंजन से जोड़ा और करीब 15 मिनट के बाद गाड़ी लेकर रवाना हुआ। रेवती रेलवे फाटक के समीप खड़े लोगों ने बताया कि दोपहर करीब 1:30 बजे आंवला की ओर से एक मालगाड़ी आई थी। अचानक गाड़ी ने ब्रेक लिए इसी दौरान डिब्बे वहीं रह गए और इंजन आगे चला गया। थोड़ी देर में चालक इंजन बैक करके लाया और डिब्बे जोड़कर ले गया। आंवला रेलवे स्टेशन अधीक्षक नीरज राय ने बताया कि आंवला डिपो में तेल उतारकर माल गाड़ी करीब 1:05 मिनट पर रवाना हुई थी। चालक ने बताया कि रेवती रेलवे फाटक के समीप गोवंशीय पशुओं का झुंड आने पर इमरजेंसी ब्रेक लगाया था। चालक ने इंजन से डिब्बे अलग होने की जानकारी नहीं दी थी, लेकिन इमरजेंसी ब्रेक लगाने पर अक्सर इंजन डिब्बों से अलग हो जाता है।

## ट्रांसफार्मर बदलने के बाद मिली राहत

**नवाबगंज, अमृत विचार :** ट्रांसफार्मर फुंकने से नवाबगंज के नौवतगंज और नई बस्ती पश्चिमी के निवासी को 20 घंटे बाद बिजली आने पर राहत मिली। मंगलवार शाम नवाबगंज के जेपीएन इंटर कालेज वाली गली में लगा ट्रांसफार्मर फुंक गया और बस्ती की विद्युत आपूर्ति बाधित होने से परेशान होने लगे। शिकायत पर पहुंचे विद्युत कर्मियों के प्रयास के बाद भी जब ट्रांसफार्मर ठीक नहीं हो सका। बुधवार को विधायक डॉ. एमपी आर्य की नाराजगी के बाद पूरे 20 घंटे बाद ट्रांसफार्मर बदले जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

## भैंस चोरों की गिरफ्तारी के लिए बदायूं पुलिस से किया संपर्क

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **तीनों का मोबाइल कभी हो रहा बंद तो कभी चालू**
- **फैक्ट्री प्रबंधन को नोटिस का जवाब देने का आज अंतिम दिन**

**अमृत विचार :** रातों-रात चोरी की भैंसें कटवाने के मामले में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए बरेली पुलिस बदायूं पुलिस के संपर्क में है। फरार आरोपियों का मोबाइल फोन कभी बंद हो रहा है तो कभी चालू। पुलिस को आरोपियों की अंतिम लोकेशन बदायूं में मिली है। दूसरी तरफ फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने मारिया फ्रोजन मीट फैक्ट्री प्रबंधन को जो नोटिस थमाया था, उसका जवाब गुरुवार तक देना है।

थाना प्रभारी मदनमोहन चतुर्वेदी का कहना है कि अगर नोटिस का जवाब तय समय पर नहीं मिलता है तो रिमाइंडर नोटिस भेज कर आगे की कार्रवाई तेज की जाएगी। पुलिस ने मामले में जगतपुर गौटिया के आदिल, पुराना शहर के नफीस और अहलादपुर के रहने वाले आकाश को जेल भेज चुकी है। पुलिस टीम ने गुरुवार रात उचसिया रोड के पास तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों के कब्जे से एक भैंस, पड्डा, पौनिया, कारतूस, पिकअप, टेंपो बरामद हुआ था। पूछताछ में आरोपी नफीस ने बताया था कि वह मारिया मीट फैक्ट्री में काम करता है। इसके साथी जुनैद, आदिल, इमरान समेत कई अन्य लोग इसमें साथ देते हैं। आईजी रेंज डॉ. राकेश सिंह ने मामले की जांच एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान को जांच सौंपी है।

### चोरी की नौ बाइक के साथ चोर गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के कारण दो माह बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छह जून को सरकारी आवास पर जनता की फरियाद सुनेंगे। इसके बाद वह महत्वपूर्ण विभागों के अफसरों के साथ बैठक भी करेंगे। शासन के अधिकारियों ने बताया कि आचार संहिता के कारण पिछले दो माह से 'जनता दर्शन' बंद था। अब यह फिर से शुरू होगा। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री रोजाना सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे और निराकरण के लिए अधिकारियों को तत्काल निर्देशित भी करेंगे।

### बिसौली, शेखूपुर विधायक कोर्ट से दोषमुक्त करार

**बदायूं, अमृत विचार :** विधानसभा चुनाव 2022 की मतगणना के दिन मंडी समिति के गेट पर हंगामा करने और अधिकारियों की गाड़ियों को रोककर जबरन गेट खोलने के मामले में दो सपा प्रत्याशी समेत छह लोगों को नामजद करते हुए 200-250 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। एमपी, एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश ने बुधवार को सभी आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया। विवेचना में लापरवाही के चलते विवेचक के खिलाफ विभागीय जांच का आदेश दिया है। एसएसपी, आइजी और डीजीपी अभियोजन, लखनऊ को निर्णय की कॉपी भेजी जाएगी। सपा से बिसौली सीट से प्रत्याशी आशुतोष मौर्य, शेखूपुर से प्रत्याशी हिमांशु यादव, कैप्टन अर्जुन सिंह, सपा जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक आशीष यादव, रचित गुप्ता, काजी रिजवान आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने 11 अक्टूबर 2022 को आरोप पत्र दाखिल किया। बुधवार को न्यायालय ने अभियोजन पक्ष द्वारा आरोप साबित न कर पाने के कारण सभी आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया।

### बुलंदशहर के जिला पूर्ति अधिकारी समेत कई निलंबित

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार ने बुलंदशहर में भारतीय खाद्य निगम के गोदाम से राशन की कालाबाजारी के प्रकरण में जिला पूर्ति अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, विपणन निरीक्षक व पूर्ति निरीक्षक को निलम्बित कर दिया है। इसके अलावा परिवहन ठेका फर्म को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि बुलंदशहर में भारतीय खाद्य निगम के गोदाम से राशन की कालाबाजारी की शिकायत की जांच के बाद जिला पूर्ति अधिकारी सुनील सिंह, जिला खाद्य विपणन अधिकारी जिया अहमद करीम, विपणन निरीक्षक सुधीर कुमार व पूर्ति निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव को निलम्बित किया गया है। खाद्य एवं रसद आयुक्त सौरभ बाबू ने बताया कि डिपो प्रभारी- ब्लॉक प्रेषण प्रभारी शालिनी पचौरी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी इंद्रपाल सिंह और विपणन निरीक्षकों गौरव कुमार, विनोद कुमार दोहरे, मुकेश कुमार, राजीव शर्मा व मनोज कुमार के विरुद्ध खाद्यान्न प्रेषण कार्य में लापरवाही बरतने व अभिलेखों का समुचित रखरखाव न करने के कारण विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। परिवहन ठेकेदार फर्म मेसर्स रविंद्र सिंह को ब्लैक लिस्ट करते हुए कार्य से हटा दिया गया है। उन्होंने बताया कि अपर आयुक्त (स्थापना) की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय जांच समिति ने मौके पर जाकर जांच की थी।

## भाइयों से बंटवारे को लेकर विवाद युवक ने ट्रेन से कटकर दे दी जान

**विजय नगला(बदायूं), अमृत विचार :** ट्रैक्टर बेचने के बाद मिले रुपये और जमीन के बंटवारे को लेकर चार भाइयों में विवाद होता रहता था। जिसके चलते एक भाई ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। उसके ससुरालीजनों ने मृतक के भाइयों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। बिनावर थाना क्षेत्र के गांव उसहैता निवासी चार भाइयों भगवानदास, रामदास, रामनाथ और देवराज में ट्रैक्टर बिकने के बाद रुपयों और जमीन के बंटवारे को लेकर तीन महीने से विवाद चल रहा था। रामनाथ (32) इस विवाद के चलते कई दिनों से परेशान था। घर का विवाद निपटाने के लिए उन्होंने रिश्तेदारों से कहा। पुलिस ने उनके अन्य भाइयों से बात की तो उन्होंने आपस में मामला निपटाने की बात कही थी लेकिन समस्या का निस्तारण नहीं हो सका। रामनाथ ने बुधवार को बिनावर क्षेत्र में कासगंज की ओर से बरेली जा रही मालगाड़ी के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25

KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE

Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India / Medical Council Of India / Dental Council of India / Pharmacy Council of India / Indian Nursing Council / Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council / Association of Indian Universities / Uttar Pradesh State Medical Faculty

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## डिविजनल इंजीनियर सहित पांच को पांच वर्ष की जेल

विधि संवाददाता, लखनऊ

● विदेश में बात करा बीएसएनएल बरेली को लगाई करोड़ों की चपत

**अमृत विचार :** कंप्यूटर हैक कर विदेश में अवैध रूप से कॉल करके बीएसएनल को 3.41 करोड़ का चूना लगाने के आरोपी बीएसएनएल बरेली के डिविजनल इंजीनियर सहित पांच लोगों को सीबीआई की विशेष कोर्ट ने 5 वर्ष की जेल एवं 2.59 लाख का जुर्माना लगाया है।

सीबीआई के लोक अभियोजक के अनुसार बीएसएनएल बरेली के डिविजनल इंजीनियर प्रमोद गंगवार सहित छह आरोपियों के विरुद्ध सीबीआई ने 19 सितंबर 2011 को मामला दर्ज किया था। जिसमें कहा गया था कि 2009 से 2011 के बीच कंप्यूटर को हैक किया गया तथा 18 फोन लगाकर बरेली से विदेश बात की गई। इस तरह बीएसएनल को 3.41 करोड़ की क्षति हुई। सीबीआई ने 30 मई 2014 को प्रमोद कुमार गंगवार के अलावा महफूज अली, एजाज आलम, शाहनवाज आलम, मोहम्मद कादिर एवं मोहम्मद नायाब के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया था। कोर्ट ने मोहम्मद नायाब को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया जबकि अन्य पांचों को सजा सुनाई है।

## आरोपी को पकड़ने दीवार से कूदा दरोगा महिला पर गिरा

**पूरनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव जादौपुर गहलुइया में बुधवार शाम वांछित पशु तस्कर मोहम्मद नूर उर्फ पड्डा को पकड़ने के लिए पुलिस दबिश देने पहुंची। इस दौरान पुलिस के घर पहुंचते ही आरोपी भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने उसे दौड़ाया तो वह पड़ोस में अपने भाई के घर में घुस गया। पीछे से पुलिसकर्मी भी घुस गए। आरोपी पड़ोसी के घर से दीवार फांदकर दूसरे घर में कूद गया। आरोपी को पकड़ने के लिए दीवार से फांदकर कूदा दरोगा घर में चारपाई पर लेटी महिला अफसाना पत्नी जहांगीर पर जा गिरे। इससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

## पीटीआर में 15 को बंद हो जाएगा पर्यटन सत्र

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पीटीआर का पर्यटन सत्र समाप्त होने में मात्र 10 दिन का समय शेष बचा है। छह माह तक चलने वाला पर्यटन सत्र 15 जून का समाप्त हो जाएगा।

बाघों की बढ़ती तादाद और खूबसूरती के दम पर विश्व पटल पर अपनी पहचान बना चुके पीटीआर में इस बार सैलानियों की आमद ने पिछले सभी पर्यटन सत्रों के रिकॉर्ड तोड़ डाले। वहीं विदेशी धरती से आए सैलानियों ने भी इस बार पीटीआर में बाघों के खूब दीदार किए। वन अफसरों का उम्मीद है कि आने वाले सालों में पीटीआर पर्यटन का एक बड़ा केंद्र बनेगा। पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र हर साल 15 नवंबर से 15 जून तक छह माह के लिए संचालित किया जाता है।



जंगल सफारी का लुत्फ उठाते सैलानी। ● अमृत विचार

# उत्तराखंड

## पुलिस की पकड़ से दूर है बाबा का हत्यारोपी शूटर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** करीब ढाई माह का समय बीत जाने के बाद भी बाबा तरसेम सिंह का हत्यारा पुलिस की पकड़ से कोसों दूर है। इसको लेकर पुलिस कई हथकंडे अपना चुकी है लेकिन फरार शूटर पर दबाव नहीं बना पाई। ऐसे में अब पुलिस शूटर के घर की कुर्की की दिशा में कार्रवाई कर रही है।



फरार सर्वजीत सिंह।

28 मार्च की सुबह सात बजे नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की बाइक सवार व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। सनसनीखेज हत्याकांड में ग्राम सिहोरा बिलासपुर निवासी अमरजीत सिंह और पंजाब के तरनतारन के रहने वाले सर्वजीत सिंह का नाम सामने आया था। नौ अप्रैल को बाबा के हत्यारे अमरजीत सिंह को हरिद्वार और कुमाऊं एसटीएफ ने एक एनकाउंटर में ढेर कर दिया, जबकि फरार सर्वजीत की तलाश की। पुलिस ने पंजाब जाकर आरोपी के घर नोटिस चस्पा कर आत्मसमर्पण की मुनादी कराई, लेकिन वह हाजिर नहीं हुआ।

## ठगी का आरोपी बरेली से गिरफ्तार

संवाददाता, बाजपुर

● बर्खास्त सीआरपीएफ जवान को पुन: ड्यूटी दिलाने के नाम पर 32 लाख रुपये ठगे थे

**अमृत विचार:** बर्खास्त चल रहे सीआरपीएफ जवान को पुनः ड्यूटी दिलवाने के नाम पर 32 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। नामजद आरोपी को कोर्ट से जारी वारंट के बाद पुलिस ने बरेली से गिरफ्तार कर लिया है।

ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी नीतू अग्रवाल पत्नी राजेश अग्रवाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसका भाई सीआरपीएफ में तैनात था। 21 अप्रैल 2021 को ड्यूटी पर सीनियर कमांडर से अभद्रता करने के चलते 30 नवंबर 2021 को उसे बर्खास्त कर दिया था। अचानक भाई के दोस्त संतोष राम का फोन आया, उसने कहा कि मैं तुम्हारे भाई को दुबारा ड्यूटी दिलवा दूंगा, लेकिन इसमें करीब 25 लाख रुपये का खर्चा आएगा। इसमें पहले एक लाख रुपये नकद लिए। उसके बाद फिर 2 लाख रुपये नकद लिए और ऐसा करते-करते 200 बार अपने खाते 32 लाख रुपये डलवा लिए। इसी टेंशन में उसके भाई आदेश कुमार की मौत भी हो गई। संतोष राम द्वारा अब पैसे नहीं लौटाए जा रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 420 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया था। तफ्तीश के दौरान बैंक मैनेजर के बयानों के आधार पर आरोपी संतोष राम निवासी बराओं पोस्ट बराओं थाना नोखा जिला रोहतास बिहार के विरुद्ध अपराध साबित हुआ। पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध होने के बाद आरोपी को विवेचना में सहयोग करने के लिए कहा गया तथा धारा 41 (क) सीआरपीसी के नोटिस देने की बात कही, परंतु वह मुकदमे से बचता रहा। 4 जून को उसे बरेली बाइपास चौक से गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपित ने 32 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने की बात स्वीकार कर ली है।

## समर्थ पोर्टल पर 14 तक बढ़ी ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि

**देहरादून, अमृत विचार :** उच्च शिक्षा के अंतर्गत प्रदेश के समस्त शासकीय, अशासकीय, निजी महाविद्यालयों एवं राज्य विश्वविद्यालयों में स्नातक प्रथम सेमेस्टर हेतु ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी गई है। छात्र-छात्राएं अब समर्थ पोर्टल पर आगामी 14 जून तक अपना ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों को स्नातक कक्षाओं में प्रवेश से वंचित रह गए छात्र-छात्राओं को प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल को एक बार पुनः खोलने के निर्देश दिए।

## ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई हल्द्वानी डिपो की बस, परिचालक की मौत

संवाददाता, हल्द्वानी

● नैनीताल से दिल्ली जा रही थी बस, हादसे मे 12 लोग घायल

**अमृत विचार :** नैनीताल से दिल्ली जा रही हल्द्वानी डिपो की बस नैनीताल-रामपुर हाईवे पर बिलासपुर चीनी मिल के पास हादसे का शिकार हो गई। यात्रियों से भरी बस लकड़ी से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई। दुर्घटना में हल्द्वानी डिपो के परिचालक की मौत हो गई। जबकि चालक समेत एक दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा कैसे हुआ, इसकी जांच की जा रही है।

हल्द्वानी डिपो की बस संख्या यूके 07 पीए 4183 बीते मंगलवार को नैनीताल से दिल्ली के लिए निकली थी। रात करीब साढ़े 11 बजे बिलासपुर चीनी मिल के पास हादसा हो गया। बस को चालक महेश सिंह चला रहा था, जबकि परिचालक के तौर पर मनीष मिश्रा बस में मौजूद थे। हादसे में बस का आगे वाला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। हादसे के बाद परिचालक मनीष को रामपुर के एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चालक की हालत नाजुक बनी हुई और वह कुछ बताने की स्थिति में नहीं है। चालक समेत कुल 12 लोग घायल हुए हैं, जिनका उपचार चल रहा है। बस में चालक-परिचालक को मिलाकर कुल 14 लोग सवार थे।

### नौकरी का झांसा देकर लाखों हड़पे

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** संभल के रहने वाले बेरोजगार युवकों ने एक युवक पर नौकरी का झांसा देकर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित युवकों ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। ग्राम भिरावती संभल के रहने वाले नेक पाल ने बताया कि वह नौकरी की तैयारी कर रहा है। इसी दौरान गांव के ही एक युवक ने उसे मार्केटिंग में नौकरी दिलाने की बात कही और बताया कि आठ घंटे की ड्यूटी करने पर 18 हजार रुपये सैलरी मिलेगी। इसे सुनकर गांव के कुछ युवक भी तैयार हो गए। आरोप था कि युवक ने रजिस्ट्रेशन के नाम पर सभी बेरोजगारों से 54 हजार के हिसाब से 2.70 लाख का भुगतान करवा लिया और रुद्रपुर लाकर एक कमरे में रहने खाने की व्यवस्था कर दी। आरोप था कि दो माह काम करने के बाद कोई सैलरी नहीं दी और पैसा भी वापस नहीं किया, जबकि शैक्षिक वास्तविक दस्तावेज भी नहीं लौटाए। इस कारण कई भर्तियों में वह प्रतिभाग करने में वंचित रह गए।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**किच्छा, अमृत विचार :** कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में बरेली से लालकुआं जा रही ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह के निकट बुधवार की सुबह करीब 11 बजे बरेली से लालकुआं जा रही ट्रेन की चपेट में एक युवक आ गया। घटना के बाद पहुंचे तमाम लोग युवक को नगर स्थित सरकारी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए। मृतक की पहचान वार्ड नंबर 16, नई बस्ती विकास कॉलोनी, कोतवाली किच्छा निवासी 39 वर्षीय प्रदीप कुमार पुत्र विद्याराम के रूप में हुई। सूचना पर मृतक के परिजन भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए। परिजनों ने प्रदीप की मौत के लिए अवैध शराब बिक्री को जिम्मेदार बताया है।

## आचार संहिता खत्म होते ही शुरू होगी साइबर थानों में भर्ती

**लखनऊ, अमृत विचार :** बड़े पैमाने पर साइबर अपराध से जूझ रहा पुलिस विभाग जल्द ही थानों पर कार्मिकों की भर्ती करने जा रहा है। चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई थी। हालांकि विभाग ने बाकी संसाधनों को थानों तक पहुंचाने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। प्रदेश में पुलिस विभाग ने 57 थाने स्थापित कर दिए हैं। इन थानों पर लगभग सभी संसाधन पहुंचाएं जा चुके हैं। सिर्फ कार्मिकों की तैनाती होनी बाकी थी। इसके लिए गृह विभाग ने कार्मिकों की भर्ती का आदेश दिया था, लेकिन इसी बीच चुनाव आचार संहिता लागू हो गई। कुल 1425 पदों पर पुलिस कार्मिकों की भर्ती होनी थी, लेकिन गृह विभाग ने चुनाव होने तक रोक लगा दी। अब जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का विचार किया जा रहा है। ताकि जल्द स जल्द थानों का कार्य संचालन हो सके। साइबर थानों की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। जिन जिलों में अभी थाने नहीं खुल पाए हैं वहां पर पुलिस लाइनों में जगह चिन्हित कर थाने तैयार करने के आदेश दिए गए हैं।

# देखते ही गोली मार दी जाएगी जैसी भाषा का प्रयोग उचित नहीं

## सैन्य संस्थानों को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने की टिप्पणी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भारतीय वायुसेना स्टेशन में घुसपैठ के आरोपी नेपाली नागरिक को जमानत पर रिहा करते हुए अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि सुरक्षा के उद्देश्य से सशस्त्र बलों के परिसर में अतिक्रमणकारियों को प्रवेश की अनुमति नहीं है, लेकिन 'देखते ही गोली मार दी जाएगी' जैसी भाषा का इस्तेमाल कानून की दृष्टि में उचित नहीं है। विशेषकर जब सशस्त्र बलों की स्थापना सार्वजनिक स्थान पर हो, जहां आमजनता विशेषकर बच्चे आते-जाते रहते हों। इस तरह के शब्दों का बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है, इसलिए केंद्र सरकार को इस तरह के शब्दों को लिखने में सावधानी बरतनी चाहिए।

कोर्ट ने इस बात से सहमति जताई कि हर किसी को रक्षा परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, लेकिन अतिक्रमणकारियों को गोली



मार दी जाएगी और देखते ही गोली मार दी जाएगी जैसे संदेशों के बजाय हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकलपीठ ने इस साल फरवरी में नशे की हालत में अवैध रूप से वायुसेना स्टेशन में प्रवेश कर गए नेपाली नागरिक एतबीर लिंबू को सशर्त जमानत देते हुए की।

याची के खिलाफ आईपीसी और शासकीय गोपनीयता अधिनियम, 1923 की धाराओं के तहत थाना पुरामुफ्ती, प्रयागराज में मामला दर्ज कराया गया था। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि आवेदक गरीब परिवार से है और नौकरी के उद्देश्य से भारत आया है। घटना वाले दिन नशे की हालत में वह मनौरी वायुसेना स्टेशन में प्रवेश कर गया।

हिंदी का ज्ञान न होने और पहचान पत्र खो जाने के कारण वहां तैनात सैनिकों को अपना ठीक से परिचय नहीं दे पाया। याची के अधिवक्ता ने आगे बताया कि परिसर में प्रवेश करने का उसका कोई गलत इरादा नहीं था। याची के पास कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई है, फिर भी सभी पहलुओं पर विचार किए बिना जांच अधिकारी ने याची के खिलाफ आरोप-पत्र जारी कर दिया। इस पर कोर्ट ने सरकार से रक्षा भूमि पर अवैध घुसपैठ, अतिक्रमण और अनाधिकृत पहुंच को रोकने के लिए उठाए गए उपाय की जानकारी मांगी थी, जवाब में वायुसेना ने अपने हलफनामे में कोर्ट को बताया पठानकोट एयरबेस और उरी आर्मी बेस पर आतंकवादी हमले के बाद रक्षा प्रतिष्ठानों/स्टेशनों की भौतिक सुरक्षा बढ़ाने के लिए अनेक उपाय किए गए हैं।

## मेरठ में स्वीमिंग पूल पर युवक की हत्या हमलावर फरार

**मेरठ, एजेंसी :** जिले के लोहियानगर क्षेत्र के एक स्वीमिंग पूल पर युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई। गोली चलते ही स्वीमिंग पूल पर नहाने आये लोगों में भगदड़ मच गई। वारदात के बाद आरोपी हमलावर मौके से फरार हो गये। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने मंगलवार रात हुई इस घटना के बारे में बुधवार को बताया कि मृतक का नाम अरशद (30) है। जैदी फार्म निवासी अरशद थाना नौचंदी क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर था और उस पर 18 मुकदमे दर्ज थे। लोहियानगर क्षेत्र के एक स्वीमिंग पूल पूल में नहाने के दौरान अरशद का बिलाल नाम के युवक के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के चलते बिलाल ने गोली चला दी जिससे अरशद की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि आरोपी हमलावर बिलाल पर भी हत्या और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर आरोपों में मुकदमे दर्ज हैं। मृतक के परिजनों की तरफ से हमलावर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## ग्रीन वॉल का बुरा हाल



हरियाली है धरा का भूषण, करती है ये दूर प्रदूषण... पर नगर निगम को इससे वास्ता नहीं। कानपुर के लाल इमली चौराहे पर वर्ष 2022 में नगर निगम ने वायु प्रदूषण कम करने के लिए यह ग्रीन वॉल बनाई थी जिसमें छोटे-छोटे गमले लगाकर पौधे लगाए गए थे। पर्यावरण दिवस पर इनकी हालत देख लीजिए। हरियाली कब की खत्म हो चुकी और सूखे पौधे नगर निगम की सक्रियता की पोल खोल रहे हैं। फोटो - मनोज तिवारी

## हत्या के दोषी तीन सगे भाइयों समेत पांच को उम्रकैद

**बलिया, एजेंसी :** यहां की एक अदालत ने हत्या के चार वर्ष पुराने एक मामले में बुधवार को तीन सगे भाइयों समेत पांच लोगों को उम्रकैद की सजा सुनायी। पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा ने बताया कि हल्दी थाना क्षेत्र के जवही दियर गांव में सात सितम्बर 2020 को शिव जी यादव नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। घटना के समय शिव अपनी पत्नी के साथ दवा लेने के लिए जा रहा था। इस मामले में शिव की पत्नी राज मुनी देवी की तहरीर पर तीन सगे भाइयों लाल जी यादव, छागुर यादव और सरल यादव के साथ-साथ अजय यादव और उसके पिता छोटक यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। अदालत ने सभी आरोपियों को हत्या का दोषी करार देते हुए उन्हें सजा सुनायी।

## फिर बढ़ी बिजली की मांग, 29 हजार मेगावाट का आंकड़ा पार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** प्रदेश में भीषण गर्मी के कारण बिजली की मांग फिर बढ़ गई। बुधवार को अधिकतम बिजली मांग 29,344 मेगावाट दर्ज हुई। एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आपूर्ति लेकर स्थिति काबू में की गई। जबकि स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश में बिजली संकट बना रहा।

बीते दिन तापमान में कुछ कमी आने के कारण मांग में कुछ कमी आ गई थी। अधिकतम बिजली मांग 28,456 मेगावाट दर्ज हुई थी, पर मांग फिर अचानक बढ़ गई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार मांग बढ़ने पर एनर्जी एक्सचेंज से आयात बढ़ाकर मांग पूरी की गई। आने वाले दिनों में मांग के और बढ़ने की संभावना को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। बीते एक जून को बिजली की अधिकतम मांग का रिकॉर्ड टूट गया था। बिजली की अधिकतम मांग 29,727 मेगावाट पर पहुंच गई थी। इससे पहले 29 मई को बिजली की अधिकतम मांग को 29,077 मेगावाट दर्ज हुई थी। कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि तापमान में कभी कमी व बढ़ोतरी हो रही है। इस कारण बिजली की मांग भी घट-बढ़ रही है। भारी मांग के कारण 30 हजार मेगावाट तक मांग के पहुंचने की संभावना को लेकर पूरी तैयारी की गई है।

# अब पंचायतें ऑनलाइन भरेंगी बिजली का बिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायतें सरकारी संपत्तियों में बिना बिल जमा किए बिजली नहीं जला पाएंगी। बिल नहीं मिले या फिर गड़बड़ मिले यह प्रधान व सचिव का बहाना नहीं चलेगा। जो भी बकायेदारी है वह पारदर्शिता के साथ ऑनलाइन जमा की जाएगी।

इस तरह से प्रदेश की 57,754 ग्राम पंचायत पर करीब 22 अरब की बकायेदारी बताई जा रही है। इसे वसूलने के लिए बिजली विभाग ने पंचायती राज विभाग के साथ खर्च बिजली का आकलन किया है। साथ ही ब्लॉकों के विभागीय पोर्टल पंचायती राज डेवलपमेंट (पीडीए) पर लाखों रुपये के बिल अपलोड किए हैं। जिनका खंड विकास अधिकारी संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिवों से सत्यापन कराकर ऑनलाइन जमा करेंगे। यदि बिल में गड़बड़ी होगी तो उसमें विभाग सुधार करेगा। बिजली विभाग ने सभी ग्राम पंचायतों को लॉगिन आईडी व पासवर्ड दिए हैं। इसी आईडी पर हर माह बिल आएंगे और इसी से जमा होंगे।

### नहीं कर पाएंगे बिजली चोरी, लेंगे कनेक्शन

ग्राम पंचायतों की ज्यादातर सरकारी संपत्तियों पर बिजली कनेक्शन नहीं हैं। जहां कनेक्शन हैं तो वहां मीटर खराब हैं। चोरी से बिजली भी जलाई जाती है और ऑफलाइन व्यवस्था के तहत बिजली बिल का पता नहीं चलता है। इसे रोकने के लिए बिजली विभाग के आग्रह पर पंचायती राज विभाग ने ऐसी संपत्तियों का सर्वे कराया कर रिपोर्ट जुटाई है। जहां बिजली कनेक्शन दिए जाएंगे और मीटर ठीक किए जाएंगे।

## नदी में डूबने से तीन भाइयों की मौत

**रानीगंज(प्रतापगढ़), अमृत विचार :** सई नदी में नहाने गए बुधवार को दो सगे व एक मौसेरे भाइयों समेत तीन किशोरों की मौत हो गई। लालगंज क्षेत्र के अजगरा रानीगंज, बहुंचरा गांव निवासी सीमा दुबे, आदर्श दुबे(14) व आदित्य दुबे (12) के साथ अपने मायके रानीगंज के मऊ डंडियां गांव संजय कुमार तिवारी के घर दोनों बेटों के साथ सोमवार को आई थी। वहीं किशुनगंज कांपा निवासी 16 वर्षीय शिवा पांडेय भी मां संगीता पांडेय के साथ मंगलवार को नाना के घर गर्मी की छुट्टी बिताने आया था। दोपहर में आदर्श अपने भाई आदित्य और मौसी के बेटे शिवा पांडेय के साथ बाग में घूमने निकले। इसके बाद तीनों नहाने लगे। नहाते समय तीनों गहरे पानी में चले गए। डूबने से दो सगे भाई सहित तीनों किशोरों की मौत हो गई। दोपहर करीब तीन बजे घाट पर दोनों भाई आदर्श व आदित्य का शव पानी में उतराता दिखाई दिया। कुछ दूरी पर शिवा पांडेय का भी शव मिल गया।

## पति की मृत्यु के बाद उत्तराधिकारी के रूप में माता-पिता को वैवाहिक विवादों में कार्यवाही का अधिकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज




**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वैवाहिक विवादों में पति की मृत्यु के बाद विधिक उत्तराधिकारी के प्रश्न पर विचार करते हुए कहा कि पति की मृत्यु के बाद हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 11 के तहत विवाह को शून्य घोषित करने के लिए दाखिल किए गए आवेदन की कार्यवाही को आगे बढ़ाने का अधिकार सीपीसी के आदेश के अनुसार माता-पिता को है।

उक्त अधिनियम की धारा 11 के तहत पारिवारिक न्यायालय के समक्ष लंबित कार्यवाही को आगे बढ़ाने के लिए माता-पिता को मृतक के कानूनी प्रतिनिधि के रूप में प्रतिस्थापित करने के प्रश्न पर कोर्ट ने माना कि वैवाहिक मामलों में संपत्ति के अधिकार भी शामिल होते हैं, जहां एक पक्ष द्वारा विवाह को शुरू से ही शून्य घोषित करने की मांग की जाती है। ऐसे में मृतक के कानूनी प्रतिनिधि के रूप में माता-पिता को प्रतिस्थापित किया जा सकता है और कार्यवाही को आगे बढ़ाया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने शताक्षी मिश्रा की प्रथम अपील को खारिज करते हुए पारित किया, जिसमें अपीलकर्ता ने अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, कानपुर नगर द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी थी और उसने बतौर विधिक उत्तराधिकारी मृतक के माता-पिता द्वारा विवाह को शून्य घोषित करने की कार्यवाही को आगे बढ़ाने का विरोध किया था।

## मुख्यमंत्री ने जन्म दिन पर किया पौधरोपण



**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्म दिन बुधवार को मनाया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर पौधरोपण किया। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा नेताओं ने उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स के जरिये कहा कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की प्रगति और गरीबों-वंचितों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

# 300 करोड़ का भुगतान, फिर भी गरीब बच्चे प्रवेश को परेशान

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

- शिक्षा के अधिकार अधिनियम की धज्जियां उड़ा रहे प्राइवेट स्कूल

**अमृत विचार :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत गरीब बच्चों के लिए सरकार की ओर से पिछले सत्र का करीब 300 करोड़ रुपये फीस भुगतान किया जा चुका है। उसके बाद भी शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए चयनित 50 प्रतिशत बच्चों का प्रवेश लेने में निजी स्कूल आनाकानी कर रहे हैं। जहां प्रवेश लिए जा रहे हैं वहां किसी न किसी मद में भुगतान के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

आरटीई अधिनियम कहता है कि फीस प्रतिपूर्ति का पैसा सरकार देती है ऐसे में कोई शुल्क निजी स्कूल अभिभावकों से नहीं ले सकते हैं। कई बार बच्चे का साल न बर्बाद हो इस डर से एडमिशन फीस अभिभावक चुका भी देते हैं फिर भी किसी न किसी मद में अवैध धन उगाही जारी है।

हालात ये हैं कि गर्मियों की छुट्टियां समाप्त होने वाली हैं और आरटीई के तीन चरणों की लाटरी खुल चुकी है लेकिन 50 प्रतिशत गरीब बच्चों को प्रवेश निजी स्कूलों ने नहीं दिया है। मनमानी के चलते पिछले सत्र में भी हजारों बच्चे प्रवेश से वंचित रह गए थे। अभिभावकों से स्कूल प्रबंधक आवेदन और फार्म का शुल्क मांग रहे हैं। वार्षिक समारोह-प्रतियोगिताओं के नाम पर भी शुल्क मांगा जा रहा है।

### 55 हजार स्कूलों में दो लाख सीटों पर प्रवेश का लक्ष्य

प्रदेश भर के 55 हजार से अधिक निजी स्कूलों में इस बार दो लाख बच्चों को निशुल्क प्रवेश दिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। वहीं आरटीई के 3 चरणों में 1,52,993 बच्चों का चयन हुआ है। आरटीई के चौथे चरण में एक जून से 20 जून तक आवेदन लिए जाएंगे। सत्यापन 21 जून से 27 जून तक होंगे। लॉटरी 28 जून को निकलेगी।

### 18 हजार चयनित, प्रवेश सिर्फ 8 हजार को

तीन चरणों में अब तक अकेले लखऊ में 18 हजार बच्चे चयनित हुए लेकिन प्रवेश 8 हजार बच्चों को ही मिल पाया।10 हजार बच्चों के अभिभावक निजी विद्यालयों के चक्कर लगाने के लिए मजबूर हैं।

## भीरा में युवक को शारदा नदी में खींच ले गया मगरमच्छ

**भानपुर(खीरी), अमृत विचार :** भीरा क्षेत्र में मंगलवार को शारदा नदी में पानी पीने गए एक युवक पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया और उसे मार डाला। तलाश के दौरान बुधवार की सुबह उसका शव नदी में बरामद हुआ है। भीरा क्षेत्र के गांव रेवतीपुरवा निवासी बबलू (21) मंगलवार को शारदा नदी के किनारे अपने पशुओं को चराने ले गया था। बताया जाता है कि तभी उसे प्यास लगी। इस पर वह नदी में पानी पीने चला गया। इसी दौरान नदी में मौजूद मगरमच्छ ने बबलू पर हमला बोल दिया और उसको पानी में खींच ले गया। देर शाम तक पशु घर वापस आ गए, लेकिन बबलू नहीं आया। परिवार के लोगों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका।


## वर्ग पहेली-92

**बाएं से दाएं**

1. 1. परदेश, दूसरा देश, पराया देश 2. स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश।
2. 1. संवर्धन, पालन-पोषण 2. समर्थन।
4. 1. वह राजकीय अधिकारी जिसे फ़ौजदारी या आपराधिक अभियोगों को सुनने और विचार करने तथा अपराधियों को दंड देने का अधिकार होता है 2. न्यायाधीश, (मजिस्ट्रेट)।
6. अपमान, बेइज़्ज़ती, तिरस्कार, अनादर, अप्रतिष्ठा।
7. 1. पूंजीवाद तथा यथास्थितिवाद का विरोधी व्यक्ति, (लेफ़्टिस्ट) 2. साम्यवादी विचारधारा वाला व्यक्ति, (कम्यूनिस्ट)।

**ऊपर से नीचे**

2. जिसका संस्कार हुआ हो।
3. गुंडागर्दी, गुंडाराज।
5. दादूदयाल नामक संत द्वारा चलाए हुए पंथ या संप्रदाय का अनुयायी।



### वर्ग पहेली -91 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | दी | खा | | 2 नि | | |
| धि | | | 3 पै | शा | चि | 4 क |
| मा | | | | च | | च |
| 5 स | रे | बा | ज़ा | र | | पें |
| | | | | | | दि |
| | | | | 6 प | नि | या |
| 7 सं | सू | च | क | | | |

## सुडोकू-5

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 5 | | | 4 | | | 3 |
| | 6 | 7 | | | 8 | 4 | 1 | |
| 2 | | | | 1 | | 5 | | 7 |
| 5 | | | | | | | 4 | |
| | | 1 | | | | 9 | | |
| | 8 | | | | | | | 6 |
| 7 | | 4 | | 5 | | | | 8 |
| | 3 | 9 | 6 | | | 1 | 7 | |
| 1 | | | 3 | | | 2 | 9 | |

### सुडोकू -4 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 3 | 4 | 6 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 4 | 5 | 7 | 8 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 3 | 4 |
| 3 | 7 | 8 | 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 1 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 |
| 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 3 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 9 | 4 | 3 | 1 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 जून गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 18.07 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 20.16 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष:** आज धन को लेकर संतुष्ट रहेंगे। परिजनों का सहयोग और प्रेम प्राप्त होगा। अपनी गलतियों से सीखने की कोशिश करेंगे। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे। दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त रहने वाली है।

**वृष:** आज विवादित मामलों का समाधान आपको मिल सकता है। यदि नया घर ढूंढना चाह रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिलेगी। नए कारोबार को लेकर उत्साहित रहेंगे। आपका मानसिक तनाव दूर होगा। कुछ अच्छी खबर के मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन:** आज किसी को भी उधार देने से आपको बचना चाहिए। लंबी दूरी की यात्रा के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दूसरों पर ज्यादा निर्भर होना उचित नहीं है। अनावश्यक कार्यों में धन खर्च होगा।

**कर्क:** आज प्राकृतिक स्थलों की यात्रा करने की विचार बनाएंगे। कार्ययोजना में बदलाव करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आप कुछ मनोकामनाओं के पूर्ण होने से बेहद प्रसन्न रहेंगे। नव विवाहित जोड़े कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं।

**सिंह:** आज नौकरी में आपकी सुविधाएं बढ़ सकती है। आप भोग-विलास को काफी महत्व देंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। प्रबंधन कार्य से जुड़े लोगों की पदोन्नति हो सकती है। अपनी योग्यता को सिद्ध करने में लगे रहेंगे।

**कन्या:** आज गुरुओं का मार्गदर्शन लेने से आपको लाभ होगा। नए कार्यों की शुरुआत न करें। आप कुछ परेशान हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में कुछ कठिनाई होने की आशंका है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह हो सकते हैं।

**तुला:** आज अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। किसी से कोई वादा करना उचित नहीं होगा। धार्मिक विषयों को लेकर गंभीर रहेंगे। आप काफी प्रसन्न हो सकते हैं। नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। विवादित मामलों को लेकर काफी सतर्क रहें।

**वृश्चिक:** आज यदि आप अपने अधिकारियों से संबंध मजबूत करना चाहते हैं तो दिन उसके लिए अनुकूल है। कार्यक्षेत्र में मित्रों का सहयोग मिलेगा। नई जानकारियों को लेकर आप काफी उत्सुक रहेंगे। आपका सामाजिक वर्चस्व बढ़ेगा।

**धनु:** आज शत्रुओं के साथ समझौता करने के अवसर मिल सकते हैं। कृषि कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। आपको किसी मित्र की मदद करने का अवसर मिलेगा। आपकी बातों से लोग नाराज हो सकते हैं। धन अनावश्यक कार्यों में खर्च होगा।

**मकर:** आज यदि आपको किसी तरह की पाचन समस्या है तो खानपान का विशेष ध्यान रखें। बच्चे अपने माता-पिता के साथ चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। कारोबारी अपने एकाउंट्स आदि को लेकर कुछ सावधान रहें। आपकी सलाह से लोगों को काफी लाभ होगा।

**कुंभ:** आज जॉब में उच्च पद मिल सकता है। वैवाहिक जीवन में उतार-चढ़ाव रहेगा। गूढ़ विद्याओं की तरफ आपकी रुचि बढ़ेगी। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम आपके पक्ष में आ सकते हैं। अपने घर की साज-सज्जा में आप काफी रुचि ले सकते हैं।

**मीन:** आज लोग आपसे अपनी बातें शेयर करना पसंद करेंगे। युवा प्रेमियों के लिए दिन काफी अच्छा रहेगा। ट्रांसपोर्ट से जुड़े व्यवसाय में उत्तम लाभ के अवसर मिलेंगे। यदि आप सोशल मीडिया में काफी सक्रियता रखते हैं तो आपको इसके माध्यम से काफी लाभ हो सकता है।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | धड़कन | दोपहर : 12.00 |
| B4U Movies | भीष्मा | रात : 09.00 |
| &pictures | बादल | सुबह : 10.30 |
| &pictures | नाम शबाना | रात : 07.00 |
| Sony Pix | द वॉटर हार्स | सुबह : 11.10 |
| Sony Pix | द डॉर्क नाइट | रात : 09.00 |
| Zee Cinema | यह तो कमाल हो गया | सुबह : 11.20 |
| Zee Cinema | लगान | शाम : 06.00 |
| Colors Cineplex | रघुवीर | सुबह : 09.21 |
| Colors Cineplex | साजन | शाम : 06.39 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 06.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- दिन भर सोती रहती हो।
पत्नी- अब मैं आराम भी न करूं?
पति- उठो, चाय बना दो जल्दी से
पत्नी - खुद बना लो न,
पति- मेरे सर में तेज दर्द है।
पत्नी - हां, तो मेरे भी गले में दर्द है।
पति- ठीक है तुम मेरा सर दबा दो और मैं तुम्हारा गला दबा देता हूं।

मैडम कक्षा में पूछती हैं- बच्चे बताओ, अगर मैं एक पक्षी होती तो मैं क्या होती?
एक छात्र जवाब देता है-मैडम आप तोता होतीं।
मैडम- बहुत अच्छा! और तुम कैसे जानते हो?
छात्र- क्योंकि आप हमेशा बातें दोहराती रहती हैं।
छात्र की बात सुनकर मैडम का माथा ही घूम गया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, गुरुवार, 6 जून 2024

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,382.24 | 22,620.35 |
| बढ़त | 2,303.19 | 735.85 |
| प्रतिशत में | 3.20 | 3.36 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 970 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2055, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1750, रविन्द्रा 1950, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1525, सूरज 1535, अवसर 1650, राग गोल्ड 1630, गृहणी 1505, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1655, चक्र टिन 1865, ब्लू 1625, आशीर्वाद मस्टर्ड 1890, स्वास्तिक 2025, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 36000, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4450, खजाना 4450, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8700, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9400, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15800, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16800, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**-डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज (नई) 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

# सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 5 माह के निचले स्तर पर

## एचएसबीसी इंडिया के मुताबिक कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में गिरकर 60.2 पर आ गया

नई दिल्ली, एजेंसी

कड़ी प्रतिस्पर्धा, मूल्य दबाव और भीषण गर्मी के कारण मई में भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 5 महीने के निचले स्तर पर आ गई। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से नए ठेकों में एक दशक में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में गिरकर 60.2 पर आ गया जो पिछले साल दिसंबर के बाद से सबसे निचला स्तर है। अप्रैल में यह 60.8 पर था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। मई के आंकड़ों से सामने आया कि नए व्यवसाय में मजबूत वृद्धि ने भारत की सेवा अर्थव्यवस्था में उत्पादन वृद्धि को बल देना जारी रखा है। सर्वेक्षण के अनुसार, एक और सकारात्मक बात यह रही कि कारोबारी विश्वास में आठ महीनों में सबसे अधिक वृद्धि हुई है। बिक्री में बढ़ोतरी, उत्पादकता में तेजी और मांग में मजबूती से वृद्धि को समर्थन मिला। हालांकि प्रतिस्पर्धा और मूल्य दबावों के कारण वृद्धि में कुछ बाधा भी आई। एचएसबीसी की वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा-मई में भारत की सेवा गतिविधि थोड़ी धीमी गति से बढ़ी, घरेलू नए ठेकों में थोड़ी कमी आई लेकिन वे मजबूत बने रहे। यह मजबूत मांग को दर्शाता है। उन्होंने कहा-कीमतों की बात करें तो मई में कच्चे माल तथा श्रम की लागत में वृद्धि के कारण लागत दबाव बढ़ गया। कंपनियां मूल्य वृद्धि का केवल एक हिस्सा ही ग्राहकों तक पहुंचाने में सक्षम रहीं। मई में जिस क्षेत्र में पर्याप्त सुधार हुआ, वह नए निर्यात ठेके थे...जिसमें वृद्धि सितंबर 2014 में श्रृंखला की शुरुआत के बाद से सबसे तेज रही।

### मांग बढ़ने से कार्यालय की भर्तियों में आया सुधार



**मुंबई।** तेल एवं गैस, बैंकिंग और रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में कार्यालयों में बैठकर काम करने वाले कर्मचारियों की भर्तियों में लगातार सुधार होरहा है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य सेवा और यात्रा एवं होटल जैसे क्षेत्रों में अप्रैल की तुलना में मई में नियुक्तियों में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई। कार्यालय में बैठकर काम करने वाले पदों पर भर्तियां हालांकि पिछले साल के इसी महीने की तुलना में दो प्रतिशत कम हैं। रिपोर्ट के अनुसार, आईटी (शून्य प्रतिशत वार्षिक), बीपीओ (तीन प्रतिशत) और शिक्षा (पांच प्रतिशत) में भर्ती में गिरावट ने समग्र नौकरी जॉबस्पीक सूचकांक को नीचे कर दिया। रिपोर्ट में कहा गया, तेल एवं गैस (14 प्रतिशत), बैंकिंग (12 प्रतिशत) और एफएमसीजी (17 प्रतिशत) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई, जबकि स्वास्थ्य सेवा और यात्रा एवं होटल क्षेत्र में आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो दर पर कल आएगा निर्णय

**मुंबई।** आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 3 दिन की द्विमासिक मासिक बुधवार को शुरू हुई। माना जा रहा है कि एमपीसी प्रमुख ब्याज दर रेपो को यथावत रखेगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति द्वारा लिए गए निर्णयों की घोषणा करेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर (रेपो) में कटौती की उम्मीद नहीं है, क्योंकि मुद्रास्फीति अब भी चिंता का विषय बनी हुई है। फरवरी, 2023 से रेपो दर 6.5 प्रतिशत के उच्चस्तर पर बनी हुई है। अर्थव्यवस्था में तेजी के बीच माना जा रहा है कि एमपीसी ब्याज दरों में कटौती से बचेगी। केंद्रीय बैंक ने आखिरी बार फरवरी, 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था और तब से उसने लगातार सात बार इसे यथावत रखा है।

# सेबी ने सीधे ग्राहकों के खातों में प्रतिभूति भुगतान को किया अनिवार्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- ग्राहकों की प्रतिभूतियों के जोखिम को कम करने के लिए उठाया गया कदम

बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को ग्राहकों के खाते में प्रतिभूतियों के सीधे भुगतान की प्रक्रिया को अनिवार्य बनाने का निर्णय लिया। परिचालन दक्षता बढ़ाने और ग्राहकों की प्रतिभूतियों के जोखिम को कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि यह 14 अक्टूबर से प्रभावी होगा। वर्तमान में, समाशोधन निगम प्रतिभूतियों के भुगतान को ब्रोकर के खाते में जमा करता है। उसके बाद इसे संबंधित ग्राहक के डीमैट खातों में जमा किया जाता है। सेबी ने शेयर बाजारों, समाशोधन निगम और डिपॉजिटरी के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद फैसला किया है, भुगतान के लिए प्रतिभूतियां समाशोधन निगम सीधे संबंधित ग्राहक के डीमैट खाते में जमा करेगा। इसके अलावा, समाशोधन निगमों को मार्जिन ट्रेडिंग सुविधा के तहत बिना भुगतान वाली प्रतिभूतियों और वित्तपोषित शेयरों की पहचान करने के लिए कारोबारी सदस्य या समाशोधन सदस्यों (सीएम) के लिए एक व्यवस्था प्रदान करनी चाहिए। सेबी ने सुझाव दिया है कि 'पोजिशन' के स्तर पर अगर कोई कमी रहती है तो कारोबारी सदस्य या समाशोधन सदस्यों को नीलामी की प्रक्रिया के माध्यम से इसका निपटान करना चाहिए। इसके अलावा, ऐसे मामलों में ब्रोकर को समाशोधन निगम की तरफ से लगाए गए शुल्क के अलावा ग्राहक पर कोई शुल्क नहीं लगाना चाहिए।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,050-55,250 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,800 |
| चांदी तैयार | 88,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,700 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 88,800। |

# शुल्क वापसी राशि सीधे निर्यातकों के बैंक खातों में भेज रहा सीबीआईसी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से होगा भुगतान

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने बुधवार को कहा कि उसने सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) मंच के जरिए इलेक्ट्रॉनिक तरीके से शुल्क वापसी की राशि सीधे निर्यातकों के बैंक खाते में भेजना शुरू कर दिया है।

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि निर्यातकों के खातों में शुल्क वापसी राशि का भुगतान सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से स्वचालित रूप से किया जाएगा। यह कागज रहित सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा को बेहतर बनाने की दिशा में सीबीआईसी की एक और पहल है। इस नई सुविधा से शुल्क वापसी की राशि के भुगतान में कम समय लगेगा और पारदर्शिता भी बढ़ने की उम्मीद है। लेखा महानियंत्रक ने पीएफएमएस को तैयार और क्रियान्वित किया है। इसने सरकार के वित्तीय प्रशासन में व्यापक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पीएफएमएस का उपयोग प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के लिए भी किया जाता है।

### सोने की कीमत में 80 रुपये और चांदी में 1,200 रुपये की आई गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 80 रुपये की गिरावट के साथ 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,200 रुपये घटकर 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 93,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# राजग की जीत से नीतिगत स्थिरता का उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- मूडीज के अनुसार सीट घटने से धीमा पड़ सकता है सुधार




वैश्विक वित्तीय साख प्रमाणन एजेंसी मूडीज का कहना है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी सरकार बनने से देश की आर्थिक नीतियों में निरंतरता बनी रहने की उम्मीद है लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले गठबंधन का बहुमत इस बार हल्का होने से सुधारों की गति पर असर पड़ सकता है।

मूडीज ने लोकसभा के मंगलवार को जारी नतीजों पर निवेशकों के लिए जारी एक सामान्य परचे में बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का बहुमत पहले से हल्का होने के दूरगामी आर्थिक और राजकोषीय सुधारों को लागू करने में देरी हो सकती है। नोट में कहा गया है कि सुधारों में देरी से राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने के सरकार की योजना की प्रगति बाधित हो सकती है। मूडीज ने इन परिणामों पर परचे में कहा है, हमें उम्मीद है कि खास तौर पर बुनियादी ढांचे पर खर्च और देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने पर बजटीय जोर के संबंध में लागू नीतियों की निरंतरता, मजबूत आर्थिक वृद्धि में सहायक होगी। वहीं मूडीज का यह भी सोचना है कि राजग की जीत का अपेक्षाकृत कम अंतर, साथ ही संसद में भाजपा को पूर्ण बहुमत से पीछे रह जाने से अधिक दूरगामी आर्थिक और राजकोषीय सुधारों की प्रगति में देरी हो सकती है जो राजकोषीय मजबूती की राह पर प्रगति में बाधाएं उत्पन्न कर सकती है। भारतीय अर्थव्यवस्था की शक्ति के बारे में मूडीज का अनुमान है, भारत की आर्थिक शक्ति के बारे में हमारा आकलन है कि 2023-24 से 2025-26 के तीन साल के दौरान वास्तविक आर्थिक वृद्धि में लगभग सात प्रतिशत रह सकती है।



## एक नजर

### बच्चे का मिला शव शरीर पर कुत्ते के काटने के निशान

**हैदराबाद।** हैदराबाद में बुधवार को कचरे के ढेर के पास छह साल के एक बच्चे का शव मिला जिस पर कुत्ते के काटने के निशान थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। नगर निगम के एक अधिकारी ने हालांकि कहा कि बच्चे की मौत के कारण का पता नहीं चला है और अभी यह नहीं कहा जा सकता कि बच्चे की मौत आवारा कुत्ते के हमले से हुई है। शव फूला हुआ है, जिसको देखकर संदेह होता है कि बच्चा कचरे के ढेर के पास बने जलाशय में गिर गया होगा। अधिकारी ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कुत्ते ने बच्चे को कब काटा।

### पुलिसकर्मी ने साथी अधिकारी की गोली मारकर हत्या की

**लोहरदगा।** झारखंड के लोहरदगा जिले में बुधवार रात पुलिस के एक अधिकारी की उसके ही सहकर्मी ने कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सिपाही अनंत सिंह मुंडा ने रात करीब नौ बजे मामूली बात पर हुए विवाद के बाद इंसास राइफल से सहायक उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह को गोली मार दी। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमान ने बताया कि घटना से जुड़ी जानकारियां जुटाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मृतक और आरोपी दो अन्य व्यक्तियों के साथ किराए के मकान में रहते थे। मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जम्मू-कश्मीर के वन क्षेत्रों में लगी आग

**जम्मू।** जम्मू क्षेत्र के सीमावर्ती जिलों राजौरी और पुंछ के दो वन क्षेत्रों में बुधवार को आग लग गई, जिससे बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुंछ के मेंढर इलाके में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास भटादुरियन में आग लगी और यह आस-पास के इलाकों में फैल गई। उन्होंने बताया कि प्रशासन, वन अधिकारी, सेना और स्थानीय लोग आग बुझाने के लिए काम कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि राजौरी के नौशेरा वन में भी आग लग गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों और वन विभाग के अधिकारियों ने अग्निशमन अभियान शुरू किया।

# आप कार्यालय की जमीन पर 6 सप्ताह में फैसला ले केंद्र : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि आम आदमी पार्टी को अन्य राजनीतिक दलों की तरह यहां पार्टी कार्यालय के लिए जगह लेने का अधिकार है। साथ ही उच्च न्यायालय ने केंद्र से इस मुद्दे पर 6 सप्ताह के भीतर फैसला लेने को कहा है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय दलों को दिल्ली में जनरल पूल (आवासीय आवंटन प्रणाली) से दिल्ली में लाइसेंस शुल्क के भुगतान पर कार्यालय के लिए एक आवासीय इकाई का अधिकार है और यह तब तक के लिए है जब तक उन्हें अपना दफ्तर बनाने के लिए जमीन नहीं मिल जाती। न्यायाधीश ने कहा कि दबाव या जनरल पूल की अनुपलब्धता अनुरोध को अस्वीकार करने का कारण नहीं हो सकती है। अदालत ने कहा-प्रतिवादियों को निर्देश दिया जाता है कि वे आज से 6 सप्ताह के भीतर याचिकाकर्ता के अनुरोध पर विचार करें और एक विस्तृत आदेश पारित करके तत्काल निर्णय लें।

### उच्च न्यायालय ने कहा-आवंटन के अधिकार से नहीं किया जा सकता है वंचित




अदालत ने यह भी कहा कि भले ही जमीन के आवंटन को लेकर पक्षों के बीच विवाद हो, लेकिन यह दल को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को जनरल पूल से सरकारी आवास के आवंटन के लिए समेकित निर्देशों के अनुसार, अस्थायी तौर पर कार्यालय के लिए एक आवासीय इकाई के आवंटन के अधिकार से वंचित किए जाने का कारण नहीं हो सकता है। अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली पार्टी ने अदालत में कहा कि चूंकि प्राधिकारियों ने नई दिल्ली में प्रमुख स्थानों पर सभी अन्य राष्ट्रीय दलों को कार्यालय परिसरों के निर्माण के लिए जमीन आवंटित की है इसलिए यह सुनिश्चित करना भी उनकी जिम्मेदारी है कि उसे भी ऐसा ही आवंटन किया जाए। उच्चतम न्यायालय ने मार्च में आप को यहां राउज एवेन्यू स्थित उसके कार्यालयों को खाली करने के लिए 15 जून तक का समय दिया था।

### मां बनीं महिलाओं को एकांत स्थान पर भेजने पर कर्नाटक को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने एक खबर को लेकर कर्नाटक सरकार को नोटिस जारी किया है, जिसमें तुमकुरु जिले के बिसाडीहल्ली क्षेत्र में हाल में मां बनीं और मासिक धर्म से गुजर रहीं महिलाओं को दूर और एकांत झोपड़ियों में छोड़े जाने का आरोप लगाया गया है। बुधवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा है कि यदि खबर में दी गई जानकारी सही है, तो यह निर्दोष महिलाओं और नवजात शिशुओं के मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा है। बयान में कहा गया है कि एनएचआरसी ने एक खबर पर स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें बताया गया है कि तुमकुरु जिले में हाल में सिजेरियन ऑपरेशन कराने वाली 19 वर्षीय को महिला एक दूर और निर्जन इलाके में स्थित झोपड़ी में छोड़ दिया गया है।

# मुंबई-दिल्ली आईआईटी शीर्ष 150 विवि में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के मुताबिक एमआईटी सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई और दिल्ली दुनिया के शीर्ष 150 विश्वविद्यालयों में शामिल हैं, जबकि मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने 13वीं बार वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय का स्थान बरकरार रखा है। बुधवार को जारी हुई क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2025 में यह जानकारी दी गई।

